धकेल दिया गया। परंतु केवल इसी आधार पर उनको विदेशी आक्रमणकारी नहीं कहा जा सकता। संभवतः ऐतिहासिक साक्ष्य के नियमों के विरुद्ध जाटों की पहचान गेटे, यूची, गाथ अथवा अन्य इन्डो-सीथियन लोगों के साथ इसलिए नहीं की जा सकती क्योंकि उनके नामों के बीच साम्य है यद्यपि भाषा-विज्ञान एवं नृजाति-विज्ञान इस निष्कर्ष के विरुद्ध है। यदु जाति के वंश वृक्ष में जाटों के स्थान की खोज करना भी निरर्थक है, क्योंकि स्वयं यदु जाति की उत्पत्ति भी संदेह से परे नहीं है।

कर्नल टॉड ने राटासे, चीनीयों तथा चंद्रवंशीय आदि क्षत्रियों के उद्‌भव का एक स्रोत सिद्ध करने का प्रयास किया है। ऐसा करने के लिए उन्होंने इन तीनों जातियों के वंशवृक्षों तथा उनकी व्युत्पत्ति से संबद्ध लोक कथाओं का तुलनात्मक अध्ययन किया है। विल्सन को, जिसके अनुसार पुराण 1045 ई. से पहले के नहीं है, यह संदेह था कि हिंदुओं के हयाओं तथा हैहेयों का हिआ से कुछ संबंध था जिनका चीन के इतिहास में उल्लेख होता है--परंतु हैहयों के सीथियन उद्‌भव को प्रमाणित करने वाला साक्ष्य खोजना असंभव नहीं है, जैसा कर्नल टॉड का विश्वास था।

सभी राष्ट्रों के इतिहास में ऐसे लोगों की कमी नहीं रही है जिन्होंने कल्पना के आधार पर व्यक्तियों एवम् जातियों के वंश-वृक्षों की रचना कर दी है। परन्तु इसके पीछे प्रयोजन क्या है? प्रथम, कोई सफल मनुष्य, जो कल अकिंचन था अथवा कम ख्याति प्राप्त कबीला, जिसका भूत उज्ज्वल नहीं रहा और वह यकायक महत्वपूर्ण बन जाये, उसे अपने वर्तमान को उज्ज्वल तथा भविष्य को समुज्वलतर सिद्ध करने के लिए किसी समीचीन पृष्ठभूमि की आवश्यकता होती है और इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए वह एक काल्पनिक श्रेष्ठता की रचना कर लेता है। द्वितीय, लोग अपनी वंश-परंपरा को अपने द्वारा अंगीकृत नए धर्म के साथ अथवा अपने से अधिक शक्तिशाली अथवा अधिक सभ्य पड़ोसीयों के साथ जोड़ लेते हैं। इसका एक अच्छा उदाहरण अरब के बाहर रहने वाले मुसलमानों का है। अफगानिस्तान के अनेक कबीले, जो महमूद गजनवी के समय तक मूर्ति पूजा करने वाले बौद्ध थे, अब वे स्वयं को पैगंबर के प्रख्यात समकालीन खालिद का वंशज होने का दावा करते हैं। बौद्ध धर्म से परिवर्तित तुर्कों ने भी इस्लाम को स्वीकार करने के बाद अरब परंपराओं में अपने को ढालने के लिए इसी प्रकार के परिवर्तन किए थे। यह भी सर्वविदित है कि इस्लाम को स्वीकार करने वाले भारतीयों ने अपनी शेख और सैयद व्युत्पत्ति का दावा सिद्ध करने के लिए हास्यास्पद दावे प्रस्तुत किए थे। जो स्थिति अरब से

बाहर रहने वाले मुसलमानों के लिए अरब की थी, वही स्थिति ईसा के जन्म से पूर्व मध्य-पूर्व और पूर्व के देशों में रहने वाले बौद्धों के लिए भारत की थी। यह इतिहास का एक जाना-पहचाना तथ्य है कि चीन और टारटरी में बौद्ध धर्म को भारतीय धर्म-प्रचारकों ने पहुँचाया था। किसी हिन्दू ने अपनी चीनी व्युत्पत्ति का दावा नहीं किया है, परन्तु जैसा सर विलियम जोन्स[11] ने बताया है, चीन के लोग अपनी हिन्दू वंश-परम्परा का दावा करते हैं।

इण्डो-सीथियन सिद्धांत के प्रतिपादकों को ईमानदारी से यह बात स्वीकार करनी चाहिए कि यदि मध्य-एशिया के गैटे किसी प्रकार आर्यन जदु अथवा जाट बन गए, तो उल्टी प्रक्रिया से भारतीय जदु को भी मध्य एशिया में गैटे बन जाना चाहिए था। दारा द्वारा सिंधु घाटी की विजय के समय से लेकर मौर्य साम्राज्य के विघटन के समय तक (600 ई. पूर्व से लेकर 200 ई. पूर्व तक) भारतीय कबीलों का एशिया के अन्य भागों में देशांतर का सिलसिला बराबर बना रहा। जिस प्रकार अंग्रेज सरकार ने गोरखा और सिख वेतनभोगी सैनिकों को अपने भारतीय साम्राज्य के विभिन्न भागों में, विशेषतया बर्मा में अपनी बस्तियों को स्थापित करने के लिए प्रोत्साहन दिया तथा जिस प्रकार कुछ शताब्दियों पूर्व रूसी सरकार ने मजबूत और युद्ध-प्रिय तातार कज्जाकों को डॉन नदी के आस-पास तथा अपने साम्राज्य के अन्य खुले हुए स्थानों पर बसाया, उसी प्रकार भारतीय वेतनभोगी सैनिकों को अथवा जिनकी भर्ती बलपूर्वक की गई थी तथा जिन्होंने मैराथन तथा थर्मोपोली के समय से फारस के साम्राज्य की सेवा की थी उन्हें कृष्ण सागर के तट पर बसाया गया और उन्हें वहां सिंधी अथवा कटकटे के नाम से जाना गया।[12] यह माना जा सकता है कि कुछ भारतीयों को कृष्ण सागर के तट पर बसाया गया होगा, यह भी संभव हो सकता है कि वे वेतनभोगी हों और उनको साम्राज्य विस्तार, रक्षा तथा प्रभाव के स्थापना की दृष्टि से बसाया गया था तो लौटकर आने पर भी विदेशी कैसे हो गए, अछूत कैसे बन गए।

आज यदि अमेरिका, इंग्लैंड और जापान में बसे भारतीय लोगों की संतान भारत लौट कर आती है तो वे विदेशी नहीं हो जाते? सैनिक सेवा के अलावा, व्यापार के कारण भी भारतवासी विभिन्न देशों में गए। देशांतरण को सबसे अधिक प्रोत्साहन मौर्य साम्राज्य के हिंदूकुश पर्वत तक विस्तार के कारण प्राप्त हुआ, इसके उपरांत समूचे मध्य एशिया और चीन में बौद्ध धर्म के प्रचार से भी इसमें वृद्धि हुई। तुर्किस्तान का तेजी के साथ भारतीयकरण हुआ, जैसा फाह्यान तथा अन्य चीनी यात्रियों ने, जो इस क्षेत्र से होकर निकले थे, बताया है, वह

मुट्ठीभर धर्म-प्रचारकों के द्वारा नहीं हो सकता था, उसमें भारतीय व्यापारी तथा वेतन भोगी सैनिकों की भी संभवत एक महत्वपूर्ण भूमिका थी। जिस प्रकार इस्लाम के प्रचारक के साथ मुसलमानों में अरब अप्रवासी स्वागत योग्य था, उसी प्रकार उन देशों में जहाँ बौद्ध धर्म को कुछ समय पूर्व ही स्वीकार किया गया था, वहाँ भारतवासी को भी वही सम्मान प्राप्त था। अतः यह निष्कर्ष निकाला जा सकता है कि मध्य एशिया के बौद्ध राज्यों तथा मध्य-पूर्व के यूनानी राज्यों में भारतीयों के देशांतरण को उसी प्रकार की नीति के अधीन प्रोत्साहन दिया जाता था जिस प्रकार की नीति रूस के पीटर महान ने अपनाई थी और जिसके अनुसार सामंतों की भर्ती जर्मनों में से की जाती थी तथा पश्चिमी यूरोप के कारीगरों के देशांतरण को इसलिए प्रोत्साहित किया जाता था ताकि प्राच्यरूप का पश्चिमीकरण किया जा सके और इस मामले में पहल रूढ़ि-विरोधी एवं उद्यमी यदुओं ने की जिनकी संख्या में द्रुत गति से वृद्धि हुई और जिन्होंने पंजाब के कबीलों में अनेक देहाती तत्वों को आत्मसात कर लिया। यदु जाति के लोगों का भारत से देशान्तरण हुआ, इस तथ्य की पुष्टि इस बात से होती है कि जैसलमेर के भाटी राजपूतों ने इस्लाम के आगमन तक बलूचिस्तान पर शासन किया था।

अपनी विदेशी बस्तियों में यदुओं के केवल भट्टियों जैसे कुलीन भाग ने अपने खून में कोई मिलावट नहीं होने दी, परंतु आम लोगों ने स्वच्छंदतापूर्वक टारटरी की विजातियों के साथ वैवाहिक संबंध स्थापित किए तथा तुर्की-भाषी लोगों को जन्म दिया। अलबरूनी ने एक तुर्की कबीले का उल्लेख किया है जिसका भारतीय नाम भट्टावर्यन असंदिग्ध है। मध्य एशिया के दो अन्य कबीले जिन्हें जाटों का पूर्वज माना गया है, वे हैं दाहे (DAHAE) तथा मासागेटे (बड़ा दरवाजा) जो कैस्पियन सागर की पूर्वी तट पर बसे हैं। कहा जाता है कि दाहे वही लोग हैं जिन्हें विष्णु पुराण में दाहा कहा गया है[13] और जो आज दहिया के नाम से जाने जाते हैं यह केवल सुझाव है इसका कोई ऐतिहासिक प्रमाण नहीं है, इनमें केवल ध्वनि की समानता है। इसी आधार पर कैस्पियन के दाहे को यदुओं की एक शाखा माना जा सकता है क्योंकि महाभारत काल में इनका कबायली नाम दशाई था जिसे सुगमतापूर्वक दहाई[14] में परिवर्तित किया जा सकता है।

यह भी कहा जा सकता है कि जाटों को 'सुस', 'अवर' और अनेक नाम दिए गए हैं। सत्य यह नहीं है कि जाटों ने सु-साक अथवा अभीर नामों को अंगीकृत किया, परंतु इन नामों को धारण करने वालों ने अपने से अधिक सम्मानित श्रेष्ठ लोगों का नाम स्वयं धारण कर लिया। आगे हम यह भी देखते हैं

कि बैक्ट्रिया और जिहून में बसे यूचियों ने अंत में जेटा और येतान (यानी गेटे) का नाम स्वीकार कर लिया।

## निष्कर्ष

अन्ततः इन विजेता कबीलों यथा-शक, यूची, हूण तथा तुर्की लोगों के लिए गेटे तथा भट्टावर्यन नामों में क्या आकर्षण था? इससे इस संदेह की पुष्टि होती है कि श्रेष्ठ रक्त और उच्चतर सभ्यता के साथ जुड़े हुए नाम में अधिक आकर्षण होता है, मध्य एशिया के इन कबीलों को इनमें वही आकर्षण था जो भारत के हिंदू युद्ध-प्रिय कबीलों को राजपूत नाम में था। भारतीय आर्यों के ये वंशज जो आक्सास नदी और कृष्ण सागर के तट पर बसे थे। उनका आर्यों के देश के साथ वही संबंध था जो सुदूर फिजी और अफ्रीका के जंगलों में बसे आधुनिक भारतीय अप्रवासियों का हमारे साथ है। एक या दो शताब्दी के बाद उनकी भारतीय राष्ट्रीयता की शायद पहचान भी ना हो सके, क्योंकि तब तक रक्त, धर्म और भाषा जो उनकी पहचान को अभी बनाए हुए हैं, वह सब तब तक ऐसे मिल चुके होंगे कि उनका कोई पृथक चिन्ह शेष ही न रहेगा।

## सन्दर्भ


1. हर्बर्ट एच. रिसले, द *पीपुल ऑफ इण्डिया*, एशियन एजूकेशन सर्विस, कलकत्ता, 1908, पृ. 8
2. *जर्नल ऑफ रॉयल एशियाटिक सोसायटी*, कलकत्ता, 1899, पृ.534
3. वही, 1909, पृ. 63
4. यदुनाथ सरकार, *फॉल ऑफ द मुगल एम्पायर*, खंड-2, ओरिएंट ब्लैक स्वान, दिल्ली, पृ. 306
5. उपेन्द्र नाथ शर्मा, *जाटों का नवीन इतिहास*, प्रथम संस्करण, दिल्ली, 1949, पृ. 1
6. देशराज जघीना, *जाट इतिहास*, (संपा.) नत्थन सिंह, प्रथम संस्करण, महाराजा सूरजमल स्मारक शिक्षा संस्थान, दिल्ली, 1934, पृ. 59
7. वही, पृ. 62
8. जेम्स टॉड, *एनल्स एण्ड एन्टिक्विटिज ऑफ राजस्थान*, सम्पादक विलियम क्रुक, मोतीलाल बनारसीदास, दिल्ली, पुनमुद्रण, 1994, पृ. 128
9. यह असंभव नहीं है कि इस प्रसिद्ध नगर का नाम दिल्ली जाटों के नाम के साथ जुड़ा हो, जो अभी भी दिल्ली में बड़ी संख्या में पाए जाते हैं। लोक निरुक्ति ढिल्लों को ढीला अथवा आलसी के साथ जोड़ती है।

10. एच.ए. रोज, *पंजाब ग्लॉसरी : ए ग्लोसरी ऑफ द ट्राइब्स एंड कास्ट्स ऑफ द पंजाब एंड नार्थ-वेस्ट फ्रंटियर प्रोविंसेज*, गवर्नमेंट प्रिंटिंग प्रेस, लाहौर,भाग-II, 1911, पृ. 56,472, भाग-III, पृ. 56

11. जेम्स टॉड, *एनल्स एण्ड एन्टिक्विटिज ऑफ राजस्थान*, भाग-1, पृ. 169 पर लिखा है कि मंगोल तथा हिन्दू परम्परा की तुलना का कोई महत्व नहीं है।

12. *ईलियट एण्ड डाउसन, हिस्ट्री ऑफ इंडिया एज टोल्ड बाय इट्स ओन हिस्टोरियंस*, भाग-3, दिल्ली, 2008, पृ. 518

13. द *विष्णु पुराण*, (संपा.) एच.एच. विल्सन, द क्रिस्चियन लिटरेचर सोसाइटी, मद्रास, 1895,पृ. 192

14. *महाभारत*, सभापर्व, अध्याय 39; भीष्मपर्व, अध्याय 8; वनपर्व, पृ.183, अनुवादित एस. द्विवेदी, भाग-10, पृ. 288, गीताप्रेस, गोरखपुर

**डॉ. कुलराज व्यास**
सहायक प्राध्यापक
शिक्षा संकाय, आई. ए. एस. ई. मानित विश्वविद्यालय
सरदारशहर (चूरू), राजस्थान

❑❑❑

# भक्त कवि बारहठ ईसरदास को राज्य द्वारा प्राप्त सम्मान एवं राजकीय कार्यों में उनका योगदान

● डॉ. शेफालिका पालावत

'ईसरा परमेसरा' की लोक-उपाधि से विख्यात भक्त कवि बारहठ ईसरदास मध्यकालीन भक्त कवियों में अग्रगण्य हैं। अवधी और ब्रज भाषा के प्रभाव-क्षेत्र में, जो स्थान राम-भक्त गोस्वामी तुलसीदास और कृष्ण-भक्त सूरदास का है, वही स्थान राजस्थान, गुजरात, कच्छ, सिंध, थाट और थारपारकर में भक्त शिरोमणि ईसरदास का है। आर्तजनों के दुःख निवारणार्थ इनके द्वारा अनेक अप्रतिम कार्यों का सम्पादन हुआ जिसके फलस्वरूप इनका विरूद् 'ईसरा परमेसरा' (ईसरदास परमेश्वर-स्वरूप है) प्रसिद्ध हुआ। ऐसा गौरवपूर्ण विरुद् अद्यावधि किसी भी भक्त कवि को प्राप्त नहीं हो सका है।[1]

## वंश-परम्परा

ईसरदास का जन्म अप्रतिम साहित्यिक अवदान के लिए विश्व-विश्रुत राजस्थान की चारण जाति में हुआ था। डिंगल भाषा, काव्य-पद्धति एवं काव्य-सरंचना को प्रारम्भ से ही अपनाते हुए चारणों ने निरन्तर इस साहित्य-लता का सिंचन किया एवं अपनी लेखनी से सर्वत्र पहुँचाया। इसी कारण चारण समाज राजस्थानी साहित्य के पर्याय के रूप में व्यवहृत होता है।[2] राजपुताना की सामाजिक सरंचना में चारणों को राजपूतों और ब्राह्मणों के मध्यवर्ती स्थिति प्राप्त थी तथा उनकी चरित्रगत विशेषताओं में ब्राह्मणों और राजपूतों दोनों के गुण विद्यमान थे। राजपूतों के समान वे शाक्त मतावलम्बी थे।[3]

चारण जाति की अग्रगण्य शाखा के रूप में रोहड़िया शाखा चिर-वरेण्य रही है। चन्द की वंश-परम्परा में पुनसी (पुण्यसी) हुए जिनसे 'पुनसी' शाखा चली तथा पुनसी को मालाणी के तत्कालीन राठौड़ शासक राव मल्लीनाथ से बाड़मेर के समीप 'भादरेस' गाँव जागीर में प्राप्त हुआ। पुनसी के पुत्र ऊदा तथा

ऊदा के पुत्र सूरा हुए, जिनका विवाह गाडण शाखा में जन्मी अमरबाई से हुआ। इन्हीं सूरा एवं अमरबाई के पुत्र स्वनामधन्य भक्त कवि ईसरदास हुए।[4]

## ईसरदास का जन्म-समय

बाड़मेर के समीपस्थ भादरेस में ईसरदास के जन्म के सम्बन्ध में दो मत प्रचलित हैं जिनमें प्रथम मतानुसार उनका जन्म वि.सं. 1595/1528 ई. तथा द्वितीय मतानुसार उनका जन्म वि.सं. 1515/1458 ई. में हुआ था जिनके अभिव्यंजक दोहे प्रस्तुत किए जा रहे हैं।

## प्रथम मत-वि.सं. 1595/1528 ई.

*पन्द्रह सौ पच्चानवे, जनम्या ईसरदास।*
*चारण वरण चकार में, उण दिन हुयो उजास।।*

## द्वितीय मत-वि.सं. 1515/1458 ई.

*पन्द्रह सौ पनरोत्तरै, जनम्या ईसरदास।*
*चारण वरण चकार में, उण दिन हुयो उजास।।*

उक्त दोनों मतों का परीक्षण ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य में करना आवश्यक है। बारहठ ईसरदास के जीवनकाल से सम्बन्धित निर्विवाद ऐतिहासिक तथ्य उनके पितृव्य आसानन्द का मारवाड़ के शासक राव मालदेव (1531 ई.-1562 ई.) की रानी उमादे भटियाणी को परामर्श देने से सम्बन्धित है। उमादे भटियाणी, जो इतिहास में 'रूठी रानी' के नाम से प्रसिद्ध है, आजन्म मालदेव से रूठी रही। 1562 ई. में मालदेव के निधनोपरान्त इसने सतीत्व का वरण किया। इसी रूठी रानी पर बारहठ आसानन्द ने 'उमादे रा' कवित्त नाम से प्रसिद्ध काव्य-रचना का प्रणयन किया। मालदेव के संदेशवाहकों द्वारा उमादे भटियाणी को पुनः विनयपूर्वक आमंत्रित करने पर आसानन्द द्वारा परामर्श-स्वरूप कहा गया निम्न दोहा प्रसिद्ध है :

*मान रखे तो पीव तज, पीव रखे तज मान।*
*दो दो गयन्द न बन्धही, एकै खंभू ठांण।।*

सन् 1562 ई. में मालदेव के निधन के पश्चात् भी बारहठ आसानन्द अनेक वर्षों तक जीवित रहे थे। बारहठ ईसरदास का जन्म यदि सन् 1458 ई. में निश्चित किया जाता है तो सन् 1562 ई. में मालदेव के निधन के समय ईसरदास की आयु 104 वर्ष तथा उनके पितृव्य बारहठ आसानन्द की आयु उससे भी अधिक 136 वर्ष होती है क्योंकि आसानन्द आयु में ईसरदास से

32 वर्ष बड़े थे। आसानन्द का निधन सन् 1576 ई. में हुआ था। सन् 1458 ई. में ईसरदास का जन्म निश्चित करने पर निधन के समय आसानन्द की आयु 150 वर्ष होनी चाहिए जो सम्भव नहीं है। ईसरदास का निधन 80 वर्ष की आयु में हुआ था तथा उनके निधन के पूर्व ही उनके पितृव्य आसानन्द का निधन हो चुका था। उक्त ऐतिहासिक घटना से यही सिद्ध होता है कि संवत् 1515 विक्रमी (सन् 1458 ई.) में ईसरदास का जन्म सम्भव नहीं है।[5] इस प्रकार ईसरदास का जन्म संवत् 1595 विक्रमी (सन् 1538 ई.) में निश्चित होता है जिसके आधार पर सन् 1562 ई. में मालदेव के निधन के समय उनकी आयु 24 वर्ष तथा उनके पितृव्य आसानन्द की आयु 56 वर्ष थी।

इस सम्बन्ध में यह भी उल्लेखनीय है कि राजस्थान में ईसरदास का जन्म संवत् 1595 विक्रमी में होने से सम्बन्धित मत प्रचलित है जबकि कच्छ एवं सौराष्ट्र में प्रचलित मत के अनुसार उनका जन्म संवत् 1515 विक्रमी में हुआ था। इसका कारण यह प्रतीत होता है कि सौराष्ट्र में प्रचलित संवत् की कालगणना 80 वर्ष पूर्व की है।

ईसरदास की जन्म तिथि के सम्बन्ध में श्रावण शुक्ला द्वितीया एवं श्रावण शुक्ला नवमी से सम्बन्धित दो मत प्रचलित हैं। उनका जन्म दिवस शुक्रवार था। भारतीय कालगणना के अनुसार संवत् 1595 विक्रमी को श्रावण शुक्ला नवमी के दिन शुक्रवार था। उक्त विवेचन से शोधकर्त्री के मतानुसार इसी तथ्य की पुष्टि होती है कि बारहठ ईसरदास का जन्म श्रावण शुक्ला नवमी, शुक्रवार, संवत् 1595 विक्रमी (सन् 1538 ई.) को हुआ था।

## विद्याध्ययन

शैशव से ही ईसरदास में होनहार, प्रतिभावान एवं प्रखर बुद्धियुक्त बालक के लक्षण परिलक्षित होने लग गये थे। तत्कालीन मारवाड़ एवं राजस्थान की अन्य रियासतों में शिक्षा की समुचित व्यवस्था नहीं थी। ब्राह्मण, चारण एवं कतिपय राजपूत परिवारों में ही परम्परागत शिक्षा का प्रचलन था। इनमें भी काव्य-रचना जैसी उच्च-स्तरीय शिक्षा गम्भीर प्रकृति के प्रतिभावान विद्यार्थी ही ग्रहण कर पाते थे।

माता-पिता के सान्निध्य में ईसरदास का शैशव व्यतीत हुआ। उनकी आयु के द्वादश वर्ष व्यतीत होने पर उनके माता-पिता का निधन हो गया जिससे उनके पितृव्य आसानन्द पर उनके लालन-पालन का उत्तरदायित्व आ गया। आसानन्द डिंगल साहित्य के विद्वान, काव्य-शास्त्र के ज्ञाता एवं प्रख्यात कवि थे। उन्होंने ईसरदास की प्रखर बुद्धि एवं प्रतिभा को दृष्टिगत रखते हुए उन्हें पुराण, इतिहास,

भगवद्गीता आदि ग्रंथों का अध्ययन करवाया तथा प्रारम्भिक शिक्षा के साथ-साथ काव्य-रचना में भी कुशल बनाया। किशोरावस्था में ही लगभग पन्द्रह-सोलह वर्ष की आयु में वे काव्य-रचना में निष्णात हो गये थे।[6]

ईसरदास द्वारका की यात्रा से लौटते समय कच्छ स्थित बारा राज्य के राजा के यहाँ विश्राम किया और यही राजा लाखा धवलोत के राजपंडित पीताम्बर भट्ट का शिष्यत्व ग्रहण कर लिया तथा उनका झुकाव आध्यात्मिकता की ओर होने लगा।

ईसरदास का अधिकांश समय अपने गुरु पीताम्बर भट्ट के साथ ईश्वरीय ज्ञान एवं भक्ति-चर्चा में व्यतीत होने लगा। गुरु के परामर्श से उन्होंने वेदों, पुराणों, शास्त्रों, आर्ष महाकाव्यों आदि का गहन अध्ययन किया। सिद्धपुर ज्ञानपीठ में उन्होंने साधु-संतो के सान्निध्य में भी विद्याध्ययन किया। इस प्रकार विपुल ज्ञानार्जन के आधार पर उन्होंने भक्ति-परक रचनाओं का प्रणयन किया।[7] भगवद्भक्ति-रस एवं भागवत-रहस्य को समझाने में गुरु के महत्त्व को 'हरिरस' के प्रारम्भ में ही स्वीकार करते हुए उन्होंने लिखा है —

*लागूँ हौ पहलै लुळै, पीताम्बर गुरु पाँव।*
*भेद महारस भागवत, पायौ जैण पसाव।।*

## विवाह एवं संतति

चारणों के झाँपली गाँव के झीबा शाखा के चारण भैरवदान की पुत्री देवल बाई के साथ उनका सम्बन्ध निश्चित हुआ तथा सत्रह वर्ष की आयु में वि.सं. 1612/1555 ई. की कार्तिक शुक्ला एकादशी (देवोत्थान एकादशी) को उनका विवाह सम्पन्न हुआ।

विवाह के दो वर्ष पश्चात् वि.सं. 1614/1557 ई. में उनके प्रथम पुत्र का जन्म हुआ जिसका नाम जागा रखा गया। दो वर्ष पश्चात् वि.सं. 1616/1559 ई. को उनके द्वितीय पुत्र का जन्म हुआ जिसका नाम चूण्डा उर्फ चान्दा रखा गया।

ईसरदास के विवाह को अभी पाँच वर्ष ही हुए थे कि दैव-दुर्विपाक से वृश्चिक-दंश के फलस्वरूप उनकी धर्मसंगिनी देवल बाई का निधन हो गया। एकाएक हुए इस अनभ्र वज्रपात से ईसरदास अर्ध-विक्षिप्त से हो गये।

ईसरदास की उन्माद-ग्रस्त स्थिति को देखकर उनके पितृव्य आसानन्द विचलित हो उठे। उन्हें लगा कि ईसरदास कहीं पूर्ण विक्षिप्त नहीं हो जायें। अतः उन्होंने ईसरदास के पत्नी-वियोग को विस्मृत कराने हेतु सोरठ (सौराष्ट्र) यात्रा

की योजना बनायी। आसानन्द के सौराष्ट्र-भ्रमण हेतु रखे गये प्रस्ताव को ईसरदास ने स्वीकार कर लिया।

सौराष्ट्र-यात्रा में उन्होंने गिरनार में गुरु बालकनाथ की धूनी (तपोस्थली) एवं द्वारका में भगवान् श्रीकृष्ण के दर्शन कर स्वयं को कृतार्थ किया। वहाँ से वे कच्छ स्थित जाम शासक लाखा धवलोत के राज्य बारा की लाखा फूलाणी द्वारा निर्मित राजधानी केराकोट में आये। केराकोट में वहाँ के राजपंडित पीताम्बर भट्ट को उन्होंने गुरु बनाया। तत्पश्चात् जाम शासक लाखा धवलोत द्वारा उन्हें राजकवि घोषित किया गया तथा वे युवराज रावल के राजगुरु भी नियुक्त किये गये। पितृव्य आसानन्द मारवाड़ में लौटने के इच्छुक थे, अतः वे जाम लाखा एवं ईसरदास से अनुमति लेकर मारवाड़ लौट आये परन्तु ईसरदास की कच्छ एवं सौराष्ट्र ही कर्मभूमि बनी रही।

रावल जाम के सहयोग से राजसी वैभव से ईसरदास का दूसरा विवाह राजबाई के साथ सम्पन्न हुआ। जाम रावल ने ईसरदास के परामर्शानुसार केराकोट के स्थान पर वि.सं. 1647/1590 ई. में हालार (सौराष्ट्र) के खंभालिया नामक स्थान पर नवीन जाम खंभालिया राज्य की स्थापना की जहाँ वि.सं. 1655/1598 ई. में राज्य द्वारा महाकवि ईसरदास की भव्य हवेली का निर्माण भी करवाया गया।

राजबाई से ईसरदास के तीन पुत्र हुए जिनके नाम क्रमशः काना, जेसा व गोपाल थे। उनकी अंतिम संतान पार्वती उर्फ पद्मा नामक पुत्री थी। इस प्रकार ईसरदास की संतति पाँच पुत्र एवं एक पुत्री थीं जिसमें दो पुत्र देवल से उत्पन्न तथा तीन पुत्र एवं एक पुत्री राजबाई से उत्पन्न थे।

## राज्य द्वारा प्राप्त सम्मान

ईसरदास को तत्कालीन शासकों ने उनकी साहित्य-साधना एवं स्पष्ट वक्तृत्व-कला से प्रभावित होकर अनेक राजकीय सम्मान प्रदान किए थे। इन शासकों में खंभालिया एवं नवानगर के रावल जाम, हलवद नरेश रायसिंह झाला, अमरेली के बजाजी सरवैया, कच्छ नरेश राजा भारमल एवं ध्रोल ठाकुर जसाजी प्रमुख हैं।

## जाम लाखण द्वारा राजकवि उपाधि एवं लाख पसाव

केराकोट की राज-सभा में पीताम्बर भट्ट ने जाम लाखण (लाखा) व युवराज रावल के सम्मुख ईसरदास के उच्चस्तरीय काव्य-कौशल का निरूपण किया। जाम रावल ने ईसरदास एवं उनके पितृव्य आसानन्द दोनों ही कवियों को उच्चस्तरीय सम्मान के प्रतीक स्वरूप *लाख पसाव* प्रदान किया। *पसाव* शब्द

*प्रसव* शब्द का अपभ्रंश है जहाँ *लाख पसाव* से आशय वह पुरस्कार है जिसमें एक लाख मुद्राओं की उत्पत्ति हो अर्थात् एक लाख मुद्राएँ पुरस्कार-स्वरूप दी जाती थीं। पुरस्कार में नकद मुद्राएँ, हाथी, अश्व एवं स्थायी राजस्व आय वाले गाँव दिये जाते थे जिन्हें मिलाकर एक लाख मुद्राओं के समान गणना की जाती थी।[8]

*लाख पसाव* देने के उपरान्त जाम लाखा ने ईसरदास को राजकवि घोषित किया। केराकोट में निवास हेतु उनके लिए हवेली का निर्माण करवाया गया। जाम लाखा राजकीय कार्यों में भी उनका परामर्श लेने लगे।

## जाम रावल द्वारा लाख पसाव, चड़ोपरी गाँव की जागीर व महाकविराज उपाधि

जाम रावल ने कच्छ के अन्य लघु राज्यों को अपने अधीन करने के उपरान्त स्वयं को कच्छ का छत्रपति महाराज घोषित कर लाखा फूलांणी द्वारा निर्मित केराकोट में भव्य दरबार का आयोजन किया। समारोह में उपस्थित कच्छ के अन्य शासकों द्वारा जाम रावल की अधीनता स्वीकार कर उन्हें नजर (भेंट) दी गई।

राजकवि ईसरदास ने इस अवसर पर काव्य-पाठ किया जिसकी सभी सभासदों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की। रावल जाम ने उनके काव्यत्व की गरिमा के प्रतीक-स्वरूप महाकविराज की उपाधि से विभूषित करते हुए उन्हें लाख पसाव भेंट किया तथा जागीर में केराकोट से पाँच कोस (सोलह किलोमीटर) की दूरी पर रेवा नदी के तट पर स्थित चड़ोपरी गाँव प्रदान किया।[9]

## जाम रावल द्वारा करोड़ पसाव व सँचाणा गाँव की जागीर

जाम रावल ने ईसरदास के परामर्श के अनुसार खंभालिया के स्थान पर नवीन राजधानी के रूप में जामनगर (नवानगर) की स्थापना की। जाम रावल इस से पूर्व ही 'हरिरस' जैसे भक्तिपरक ग्रंथ की रचना हेतु ईसरदास को सम्मानित करने का मानस बना चुके थे। अतः नवीन राजधानी के स्थापना-समारोह में ईसरदास को सम्मानित करते हुए *करोड़ पसाव* भेंट किया तथा जागीर में संचाणा गाँव दिया। ईसरदास को *करोड़ पसाव* देने का उल्लेख मुहणोत नैणसी की ख्यात में निम्न प्रकार हुआ है—

*क्रोड़ पसाव ईसर कियो, दियो सँचाणा गाँव।*
*दाता सिरोमणि देखियो, जगसर रावल जाम।।*

बाँकीदास ने रावल जाम द्वारा ईसरदास को करोड़ पसाव देने का उल्लेख निम्नानुसार किया है—

*तै सौ लक्ख समपिया, रावल लालच छड्ड।*
*साँसण सँचाणै जिसा, जेथ हुवै जल हड्ड।।*

## राव खेंगार द्वारा लाख पसाव तथा वीर वदरका व हजनाली गाँवों की जागीर

ईसरदास के आशीर्वाद से कच्छ के राव खेंगार को पुत्र-प्राप्ति हुई। राव खेंगार इससे अत्यन्त प्रसन्न हुआ तथा उसने ईसरदास को लाख पसाव एवं जागीर में 'वीर वदरका' तथा 'हजनाली' गाँव भेंट किये। राव खेंगार द्वारा उक्त दोनों गाँव अपने पुत्र भारा (भारमल) के नाम से दिये गये थे जिसका उल्लेख निम्नानुसार हुआ है—

*वीराणो साँसण बड़ो, हजनाळी हद रूप।*
*साँसण दोनूं समपिया, कच्छ पतभारै भूप।।*[10]

## पुत्र जागा को हापा गाँव की जागीर

मिठायन के युद्ध में जाम रावल ने नाग, जेठवा एवं वाला वाघेला चौहान शासकों तथा जूनागढ़ के नवाब की सम्मिलित सेनाओं पर विजय प्राप्त की थी जिसमें ईसरदास के ज्येष्ठ पुत्र जागा और जागा के ज्येष्ठ पुत्र (ईसरदास के पौत्र) धूना ने वीरतापूर्वक भाग लिया था। रावल जाम ने ईसरदास सहित तीनों को पुरस्कृत करने का प्रस्ताव रखा जिसे ईसरदास ने स्वयं के लिए अस्वीकार करते हुए पुत्र एवं पौत्र के लिए स्वीकृति प्रदान कर दी। अतः रावल जाम ने जागा को जागीर में हापा गाँव प्रदान किया।[11]

## पौत्र धूना को ध्रोल शासक जसा द्वारा धूनाना गाँव की जागीर

मिठायन के युद्ध में जाम रावल के अनुज हरधौल वीरगति को प्राप्त हुए थे। उनके ज्येष्ठ पुत्र जसा ने ध्रोल के शासक बनने पर मिठायन युद्ध में वीरता के लिये ईसरदास के पौत्र धूना को धूनाना गाँव जागीर में प्रदान किया।[12]

## जाम रावल द्वारा पुनः लाख पसाव एवं मकवाना गाँव की जागीर

ईसरदास के निर्णय को दृष्टिगत रखते हुए विजाजी सरवैया को अमरेली ठिकाना वापस दिलाने हेतु जाम रावल ने प्रयास प्रारम्भ किये तथा जूनागढ़ के

नवाब से उनका ठिकाना पुनः दिलवाया, जहाँ विजाजी सरवैया की वापसी हुई। तत्पश्चात् जाम रावल ने ईसरदास को पुनः लाख पसाव देते हुए मकवाना गाँव जागीर में दिया।

## विजाजी सरवैया द्वारा लाख पसाव

विजाजी सरवैया के पुत्र करण को जीवनदान देने एवं उसके विवाह के सानन्द सम्पन्न होने के पश्चात् विजाजी सरवैया ने ईसरदास को लाख पसाव देने का निर्णय किया। इस हेतु दरबार का आयोजन किया गया जिसमें सवा लाख मुद्राओं सहित ईसरदास को लाख पसाव दिया गया तथा जागीर में 'ईसरिया' एवं 'बरसड़ा' दो गाँव दिये गये।

उक्त विवेचन से यही प्रकट होता है कि तत्कालीन नरेशों ने बारहठ ईसरदास को जैसे सम्मान दिए हैं, वैसे सम्मान प्राप्त करने वाले विद्वान् एवं कवि विश्व-इतिहास में गिने-चुने ही हुए हैं। ऐसे कवि के कृतित्व को जन-साधारण से लेकर तत्कालीन शासकों तक शीर्षस्थ मान्यता प्राप्त हुई।

## राजकीय कार्यों में महत्त्वपूर्ण योगदान

जाम राज्य में ईसरदास का अधिकांश जीवन व्यतीत हुआ। जाम-शासक उनके परामर्श से महत्त्वपूर्ण राजकीय निर्णय लेते थे। कतिपय अन्य तत्कालीन नरेशों से भी उनका व्यक्तिगत सम्पर्क था, जिन्होंने उनके परामर्श से अनेक महत्त्वपूर्ण राजकीय कार्यों का सम्पादन किया।

## युवराज रावल को बारा व लखियार वियरा का शासन

बारा के शासक जाम लाखा वृद्ध हो चुके थे तथा राजकीय कार्य प्रमुखतः युवराज रावल द्वारा ही सम्पादित किया जाता था। अतः ईसरदास के परामर्शानुसार जाम लाखा ने अपने जीवन-काल में ही युवराज रावल को बारा व लखियार वियरा का जाम (शासक) घोषित कर दिया जिन्होंने उनके स्थान पर शासन करते हुए आमरण और गोडण राज्यों पर विजय प्राप्त कर उन्हें अपने राज्य में सम्मिलित कर लिया।

## जाडेजा परिवार में कलह निवारण

जाम लाखा के निधनोपरान्त रावल जाम उनके उत्तराधिकारी हुए जिन्होंने केराकोट में महाराजाधिराज' की उपाधि धारण कर शासन-सूत्र का संचालन

प्रारम्भ किया। उनके विरुद्ध हबाय के शासक जाम खंगार ने गुजरात के शासक महमूद बेगड़ा की सहायता से आक्रमण कर दिया। जाम रावल एवं जाम खंगार दोनों ही जाडेजा वंश-परम्परा में निकटस्थ कुटुम्बी थे जिससे उनके मध्य पारस्परिक संघर्ष में परिजनों का ही विनाश हो रहा था।[13] दोनों राज्यों के मध्य अनेक भीषण युद्ध हुए जिनमें भारी मात्रा में जन-धन-हानि हुई। ऐसी संकटपूर्ण स्थिति में ईसरदास ने कच्छ-धरा में शान्ति-स्थापना, जनता की रक्षा, पारिवारिक कलह के निवारण एवं नूतन राज्य की स्थापना हेतु जाम रावल को समझाया जिससे सहमत होकर जाम रावल ने राव खंगार के विरुद्ध गृह-युद्ध से विरत हो शान्ति-पथ की ओर अग्रसर होना स्वीकार किया।[14]

## हालार में नवीन राज्य 'जाम खंभालिया' की स्थापना

ईसरदास की प्रेरणा से जाम रावल ने पारिवारिक कलह के निवारण एवं कच्छ धरा में शान्ति-स्थापनार्थ कच्छ-परित्याग कर नवीन राज्य की स्थापना का निर्णय किया।

कच्छ स्थित केराकोट से प्रस्थान करने के उपरान्त जाम रावल ने आमरण व गोडण के शासक तमाची पर विजय प्राप्त कर उसके राज्य पर अधिकार कर लिया। तत्पश्चात् नाग बन्दरगाह पहुँचकर ईसरदास की ज्ञान-चर्चा से प्रभावित वहाँ स्थित एक साधु को उनकी प्रेरणा से प्रसन्न किया तथा उससे एक सहस्र अश्व प्राप्त किये। साधु द्वारा जाम रावल को एक सहस्र अश्व देने का उल्लेख ईसरदास कृत निम्न दोहे में हुआ है—

*जड़ियो बसै जंगळ मैं घोड़ां रो दातार।*
*त्रूठो रावल जाम नैं, हांके दी हालार।।*

साधु से प्राप्त अश्वों से उन्होंने एक विशाल सेना खड़ी की, जिससे सौराष्ट्र के ठिकानों एवं छोटे राज्यों पर जाम रावल के शौर्य का ऐसा प्रभाव पड़ा कि उन्होंने ईसरदास के मार्गदर्शन में युद्ध किये बिना ही जाम रावल की अधीनता स्वीकार कर ली तथा एक नवीन राज्य की स्थापना का मार्ग प्रशस्त हुआ।

हालार के मध्य खंभालिया नामक स्थान पर जाम रावल ने नूतन राज्य की स्थापना की जिसका नाम 'जाम खंभालिया' रखा गया। इस राज्य की राजधानी 'जाम खंभालिया' घोषित की गई तथा इसके शासक के रूप में 'जाम' की उपाधि जाम रावल द्वारा धारण कर किले का निर्माण करवाया गया।

## जाम नगर (नवा नगर) की स्थापना

जाम खंभालिया में निवास करते हुए एक दिन जाम रावल एवं ईसरदास कतिपय सरदारों (सामन्तों) के साथ अश्वारूढ़ होकर भ्रमण कर रहे थे। मार्ग में उन्होंने एक शशक (खरगोश) को चार-पाँच श्वानों से भयभीत होकर भागते हुए देखा। एक स्थान पर जाकर शशक रुक गया तथा श्वानों के सामने हो गया जिससे भयभीत श्वान भाग गए। ईसरदास ने इसे अच्छा शकुन समझते हुए जाम रावल को परामर्श दिया कि यह इस वीर-भूमि का प्रभाव है। अतः ईसरदास के परामर्श पर जाम रावल को अपनी राजधानी जाम खंभालिया के स्थान पर नए स्थान पर रखनी चाहिए। ईसरदास के परामर्श एवं सरदारों (सामन्तों) के समर्थन से नवीन राजधानी का निर्माण किया गया तथा नवनिर्मित नगर का नाम जाम नगर उर्फ नवानगर रखा गया। जाम नगर की स्थापना का उल्लेख ईसरदास कृत निम्न दोहों में हुआ है—

*संवत पनर छनवें, स्रावण मास सुधार।*
*नगर रच्यो रावळ नृपत, सुद सातम बुधवार।।*
*आदसक्ति आसापुरी, माँ पूजी महमाय।*
*बिध-बिध देव मनाविया, चित अत रावल चाय।।*

जाम नगर की स्थापना के उपलक्ष्य में जाम रावल द्वारा भूमि पूजन के उपरान्त नव-निर्मित नगर की मंगल-कामनार्थ भक्तवर ईसरदास ने आशापुरा देवी (आवड़) पर पन्द्रह छन्दों में नव-सृजित काव्य रचना 'आशापुरा' का पाठ किया।

## महाप्रयाण

वि.सं. 1675/1628 ई. में अशीति पर आधृत ईसरदास ने भगवान् श्रीकृष्ण के धाम जाने का निश्चय किया। उन्होंने भगवान् द्वारकाधीश में लीन होने के लिए जल-समाधि के द्वारा पंचभौतिक देह के परित्याग करने का निर्णय किया। अतः चैत्र शुक्ला नवमी के दिन उन्होंने अपने पुत्र, पौत्रों, प्रपौत्रों, परिजनों तथा मित्रों को सँचाणा के समुद-तट पर आमंत्रित किया। शिव-मन्दिर में आराधना कर वे समुद्र-तट पर पहुँचे। तत्पश्चात् सँचाणा की पवित्र भूमि को अंतिम नमन करके अश्वारूढ़ होकर अपने अश्व को समुद्र के जल में द्वारका की ओर यह कहते हुए झोंक दिया—

*ईसर घोड़ा झोंकिया, महासागर कै माँय।*
*तारणहारो तारसी, साँई पकड़ी बाँय।।*

उपस्थित जन समुदाय ने जलनिधि में तैरकर जाते हुए उनके अश्व को देखा तथा देखते ही देखते वे अदृश्य होकर गोलोकवासी हो गये।[15]

इस प्रकार मारवाड़ के भादरेस में जन्म लेकर कच्छ एवं सौराष्ट्र को कर्मभूमि बनाकर पश्चिमी भारत में भक्ति रस की अजस्र स्रोतस्विनी को प्रवाहित करने वाले तैयालीस काव्य ग्रंथों के रचयिता भक्त कवि, शान्ति के उपासक एवं लोकोपकारी महापुरुष इस संसार से विदा होकर अपने कृतित्व, उपदेशों, कार्यों और प्रेरणाओं के चिरन्तन आलोक की रश्मियों को विकीर्ण करते हुए कीर्तिशेष हो गए।

## सन्दर्भ


1. बद्री प्रसाद सांकरिया, *हरिरस*, सादूल राजस्थानी रिसर्च इंस्टिट्यूट, बीकानेर, 1960 भूमिका, पृ. 2-4
2. सोहन दान चारण, *ईसरदास ग्रंथावली*, भाग-1, साहित्य अकादमी, नई दिल्ली, 2003, पृ. 1-2
3. कालिका रंजन कानूनगों, *स्टडिज इन राजपूत हिस्ट्री*, एस. चन्द एण्ड कम्पनी, नई दिल्ली, पृ. 39-41
4. महादान सिंह बारहठ भादरेश, *महाकवि ईसरदास बारहठ की प्रामाणिक जीवनी*, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, 2014, पृ. 14
5. मोहन लाल जिज्ञासु, *चारण साहित्य का इतिहास*, भाग-1, राजस्थानी ग्रन्थागार, जोधपुर, पृ. 129-131, 135-139
6. महादान सिंह बारहठ भादरेश, पूर्वोक्त, पृ. 18
7. वही, पृ. 26-31
8. वही, पृ. 33
9. मावदान रतनु, *यदुवंश प्रकाश अने जामनगर नो इतिहास*, खण्ड-1, पृ. 100
10. सोनों और सुगन्ध, पृ. 71 :
11. महादान सिंह बारहठ भादरेश, पूर्वाक्त, पृ. 64
12. वही, पृ. 64
13. मावदान रतनु, पूर्वोक्त, खण्ड-1, पृ. 9
14. वही, पृ. 102
15. वही, पृ. 9


❑❑❑

# बीकानेर राज्य में कृषि व्यवस्था एवं उसके संवर्धन के प्रयास (1707-1818 ई.)

• डॉ. मीना कुमारी

राजपुतानें में स्थित बीकानेर की भौगोलिक परिस्थितियों में यहाँ का अधिकतर भू-भाग रेतीली भूमि से आच्छादित एवं वर्षा की अनियमितता और न्यूनता से युक्त था। इस कारण कृषि भूमि की उत्पादन क्षमता उचित जल-प्रबंधन पर निर्भर थी। जहाँ कृषि हेतु उचित जल व्यवस्था एवं उपयुक्त भूमि होती थी उसी के अनुरूप उस क्षेत्र में जनसंख्या का घनत्व होता था। राज्य का उतर-पूर्वी भाग अधिक घना बसा हुआ था, जबकि दक्षिणी एवं मध्य भाग छितरा बसा हुआ और पश्चिमी भाग की आबादी बहुत ही कम थी।[1] जी.एस.एल. देवड़ा ने बीकानेर क्षेत्र की भूमि को पांच भिन्न-भिन्न रूपों में वर्गीकृत किया है जो इस प्रकार से है—**धोरा**—वह भूमि जो छोटे-बड़े रेतीले टीबों युक्त; **ताल**-समतल व कुछ सख्त भूमि जहाँ जल एकत्रित हो जाता हो, **खारी पट्टी**—क्षारीय तत्त्व युक्त भूमि; **मगरा**—बीकानेर के दक्षिण भाग में कंकरीली सख्त भूमि एवं **सूंई**—समतल एवं चिकनी भूमि।[2] उचित प्रशासनिक व्यवस्था के अन्तर्गत भी भूमि की उत्पादन क्षमता के अनुरूप विभाजन किया गया था।[3] राज्य द्वारा भूमि की उर्वरा शक्ति के आधार पर कर का निर्धारण किया जाता था। राज्य की कुल कृषि योग्य भूमि के बहुत कम भाग *जोत* के काम आता था। सेटलमेंट रिपोर्ट में इसका आंकलन कुछ परगनों को छोड़कर 15 प्रतिशत के रूप में किया गया है।[4]

प्रो. देवड़ा ने बीकानेर राज्य में *जोत* की भूमि कुल भूमि के जोत योग्य 50 प्रतिशत भूमि के होने पर भी एक-तिहाई हिस्से से कम माना है। उपर्युक्त परिस्थितियों में राज्य के लिए आवश्यक था कि जोत की भूमि में वृद्धि कर राज्य की आय में बढ़ोतरी की जाये। राज्य द्वारा प्रति हल के अनुसार कर निर्धारित किया जाता था[5] जो की क्षेत्रफल के अनुमान पर निर्धारित था। बंजर भूमि में प्रति हल 2 रुपये, जोत वाली भूमि में प्रति हल 3 रुपये तथा नाली

एवं उन्नाव वाली भूमि में 4-5 रुपये प्रति हल के हिसाब से *हासल* वसूल किया जाता था।[6] बीकानेर राज्य में सर्वप्रथम वि. सं. 1840/1783 ई. में भूमि का मापन हुआ और उससे प्रति बीघा के अनुसार *बीघेड़ी* नाम से नया कर लिया जाने लगा था।[7] राज्य का प्रयास रहता था कि अधिक से अधिक भूमि जोती जाये। इसके लिए जब नया गाँव बसाने के लिए कोई व्यक्ति, चौधरी या जमींदार सरकार से अनुमति मांगता था तो सरकार उन्हें अनुमति के साथ कुछ छूट भी प्रदान करती थी। गाँव के चौधरी को नया गाँव बसाने के लिए कर रहित जमीन दी जाती थी एवं उपज का पांच प्रतिशत भी दिया जाता था। इसके साथ ही गाँव से कुछ वर्षों तक कर वसूल नहीं किया जाता था।[8] जब नया गाँव बसाया जाता था तो वहाँ की सम्पूर्ण भूमि *जोत* के काम आये इसके लिए वहाँ आस-पास के *चीरे* और गाँव से *गुवाड़ियों* और व्यक्तियों का आकर बसने के लिए बुलाया जाता था, उन्हें प्रलोभन स्वरूप नयी बसावट की शुरुआत के कुछ सालों तक विभिन्न करों में रियायत दी जाती थी। इसी तरह किसी गाँव में बाहर से कोई व्यक्ति आकर बसता था तो दरबार की तरफ से उनका विशेष ध्यान रखने का आदेश दिया जाता था। उदाहरणार्थ वि.सं. 1831/1774 ई. में पुनिया गाँव के चौधरी ने बसावट की, इस उपलक्ष में दरबार द्वारा चौधरी से कर का तीसरा हिस्सा एवं जो बाहर से आकर बसे उनसे चौथा हिस्सा लेने का बहियों में विवरण मिलता है।[9]

कृषि भूमि में विस्तार की योजना में न केवल कृषक वर्ग शामिल था अपितु साधु-संतों को भी स्थाई निवास करने के लिए उन्हें *जोत* हेतु भूमि प्रदान की जाती थी ताकि प्रति व्यक्ति जोत भूमि में वृद्धि हो और राज्य को नियमित रूप से कर प्राप्त होता रहे। वि.सं. 1827/1770 ई. के एक सन्दर्भ से ज्ञात होता है कि गाँव मोनीधाने में गुसांई कान्हड़पुरी एवं भोजपुरी के चेले[10] आकर बसे थे, उनके जीवनयापन हेतु *डोहली* की जमीन जोतने के लिए एवं पीने के लिए जल की व्यवस्था का आदेश राज्य सरकार की ओर से हुआ था।[11]

व्यावसायिक जातियों को गाँव में आकर बसने के लिए प्रोत्साहन हेतु अनेक करों में छूट प्रदान की जाती थी[12] जिससे कि ये जातियाँ अपने व्यवसाय को अच्छी तरह से स्थापित कर सके। इसके लिए उन्हें प्रोत्साहनस्वरूप भूमि भी दी जाती थी। जैसे-वि.सं 1827/1770 ई. में गाँव निवड़ीसर के सुथार जगाराम एवं कुम्हार हेमा को गाँव रातुसर में बसाने एवं आजीविका हेतु कुछ भूमि प्रोत्साहन स्वरूप प्रदान करने का उल्लेख मिलता है।[13]

इसी तरह जब कोई व्यक्ति इन व्यावसायिक जातियों की नई *गुवाड़ी* को लाकर गाँव में बसाता था तो उस व्यक्ति को भी *जगात* व अन्य *बाब* में कई रियायतें प्रदान की जाती थी। उदाहरणार्थ वि.सं. 1827/1770 ई. में गाँव विजोरासर के गंगों पोटलिया ने अपने गाँव में *हाळियों* की नयी *गुवाड़ी* लाकर बसायी थी, जिसके बदलें में राज्य द्वारा उसे *भोग* में बढ़ा हुआ एक हिस्सा प्राप्त करने का राजकीय आदेश हुआ।[14]

राज्य सरकार द्वारा *जोत* हुई भूमि में उत्पादन की सुनिश्चिता के लिए कुछ नियम भी स्थापित किये हुए थे। खालसा भूमि की जुताई की निर्धारित समय-सीमा से पूर्व कोई भी किसान किसी कारणवश बीच में नहीं छोड़ सकता था।[15] यदि कोई ऐसा करता था तो गुनेहगारी लगाई जाती थी। कर वसूली के समय किसी प्रकार की परेशानी ना हो इसका भी विशेष ध्यान रखा जाता था।[16]

कृषि भूमि के लिए राज्य सरकार नई बसावट पर जितना ध्यान देती थी उतना ही ध्यान इस बात पर भी दिया जाता था कि बसे हुए गाँव से प्रवर्जन ना हो, इसलिए राज्य द्वारा इस हेतु भी भरसक प्रयास किये जाते थे। क्योंकि यहाँ की विपरीत भौगोलिक परिस्थितियोंवश जनता पलायन करने के लिए मजबूर हो जाती थी। राज्य सरकार इस प्रवर्जन को रोकने के लिए कुछ करों में रियायत प्रदान करती थी।[17]

*केहतसाली, खीसताल* एवं करों में आधिक्य से परेशान होकर स्थानीय *गुवाड़ियां* पलायन कर राज्य से बाहर जाकर बसने लगी।[18] 18वीं सदी में महाराजा सूरतसिंह ने जनता पर करों की बढ़ोतरी कर दी थी। *रुखवाली भाछ* (सुरक्षा कर) जो प्रति गुवाड़ी 2 रुपये थी वह बढ़ाकर 10 रुपये की दर से वसूली की जाने लगी थी। इसी तरह से अन्य करों में वृद्धि हुई।[19] जिसकी वजह से रैय्यत व व्यापारी मारवाड़, जयपुर, शेखावाटी[20] एवं अंग्रेजी बस्तियों[21] में जाकर बसने लगे। उदाहरणार्थ पड़िहार नवाब एवं भाटी अमरसिंह नेतसी बढ़ी हुई *भाछ* की दर के डर से अगणेऊ छोड़कर जैसलमेर जाकर बस गये।[22]

पलायन कर चुकी *गुवाड़ियों* को वापिस वहीं लाकर बसाने के प्रयास भी राज्य स्तर पर किये जाते थे। कागद बहियात के अनुसार वर्ष 1825 ई. में एक गाँव के चौधरी ने दरबार से अर्ज की थी कि हमारे गाँव की गुवाड़ी, अंग्रेजी बस्ती में जाकर बस गई है। यदि सरकार *भाछ, हबूब* में कुछ छूट प्रदान करे तो यहाँ वापस आकर बस सके।[23] इस प्रवर्जन से राज्य को बहुत नुकसान हुआ, जिसे रोकने के लिए राज्य सरकार ने बीकानेर से पलायन कर चुकी *गुवाड़ियों* को पुनः बसाने के लिए भी कुछ आयाम स्थापित किये।

इन आयामों का अनुकरण करते हुए राज्य ने प्रवर्जन कर चुकी गुवाडियों एवं व्यापारियों को वापस आकर बसने हेतु रूक्के भिजवाये थे साथ ही यह विश्वास भी दिलाया कि यदि वो पुनः आकर बसते हैं तो उन्हें *रुखवाली री भाछ, हबूब रकम* और *जगात* में आधी या चौथाई छूट प्रदान की जाएगी।[24]

इन्ही प्रयासों के अंतर्गत सरकार की कोशिश होती थी कि राज्य में नयी बसावट के साथ-साथ नजदीक के राज्यों की गुवाड़ीयां भी यहाँ आकर बसे।[25] इन गुवाड़ियों की बसावट के साथ-साथ उन्हें जरूरत के समय भी छूट देती रहती थी जैसे अकाल, सूखा, महामारी, गाँव का लूटमार का शिकार होना, गाँव के आर्थिक रूप से निबळा[26] होने पर एवं गाँव का लड़ाई के क्षेत्र में आने पर, इस तरह की छूट गाँव के सभी निवासियों को मिलती थी।[27] उदाहरणार्थ वि.सं. 1838/1781 ई. में शेखसर चीरे के गाँव उचाहेड़ा के निर्बल होने की वजह धुवें की मद में जमा रुपये 34।।) में से धुवे के एक वर्ष के 13 रुपए छोड़े गये।[28] इसी प्रकार से सिहागोटी चीरे के गाँव भोजासर में ठाकुर के अत्याचार से लोग गाँव से पलायन करने लगे। इस पलायन को रोकने के लिए दरबार की तरफ से विभिन्न करों के चौथे हिस्से को छोड़ने का आदेश हुआ था।[29]

कृषि भूमि में वृद्धि के साथ-साथ उत्पादन में वृद्धि के लिए राज्य द्वारा सिंचाई की व्यवस्था पर भी विशेष ध्यान दिया जाता था क्योंकि उत्पादन में वृद्धि के साथ सिंचित जमीन पर सिंचाई कर वसूली से भी राज्य को आय प्राप्त होती थी।[30]

राज्य को अनवरत रूप से हासल प्राप्त हो इसके लिए किसानों को अपने गाँव की जमीन पर खेती करने के निर्देश दिए जाते थे।[31] यदि कोई बाहर किसी दूसरे गांव में जाकर खेती करता था तो जुर्माना लगाया जाता था। साथ ही यह व्यवस्था भी थी कि यदि किसी के पास जमीन नहीं है तो वह किसी अन्य जगह जाकर मुकाते पर खेती कर सकता है।[32] राज्य कर्मचारियों को भी समय-समय पर प्रोत्साहनस्वरूप पड़त की जमीन आवंटित की जाती थी।[33]

यदि कोई किसी कारणवश अपना खेत व घर छोड़कर बाहर चला जाता था तो उसके पांच-दस वर्ष पश्चात् उसके वापस लौटने पर उसका अपनी जमीन-जायदाद पर पहले की तरह अधिकार लौटा दिए जाते थे।[34]

भटनेर, अनूपगढ़ क्षेत्र में नाली[35] की जमीन पर वर्ष में तीन फसलें होती थी यदि यहाँ जल के वितरण में रैयत द्वारा कोई अवरोध उत्पन्न किया जाता था तो राज्य द्वारा मामले के निपटारे के साथ भूमि पर निर्बाध रूप से सिंचाई की व्यवस्था होती थी।[36]

निष्कर्षतः बीकानेर राज्य द्वारा कृषि भूमि के संवर्धन हेतु विभिन्न प्रयास किये गये थे, जिससे यहाँ आबादी में वृद्धि के साथ-साथ राज्य की आय में भी बढ़ोतरी हुई।

## सन्दर्भ


1. जी.एस.एल. देवड़ा, *राजस्थान की प्रशासनिक व्यवस्था (1574 से 1818 ई.)*, प्रथम संस्करण, धरती प्रकाशन, बीकानेर, 1981, पृ. 213
2. जी.एस.एल. देवड़ा, पूर्वोक्त, पृ. 211; धान रे भोग री बही, नं. 57, वि.सं. 1736/1679 ई.; पी.जी. फेगन, *सेटलमेंट रिपोर्ट ऑफ बीकानेर स्टेट, बीकानेर*, पृ. 3-4; हुकुमसिंह सोढ़ी, *ज्योग्राफी ऑफ बीकानेर*, पृ. 3-5
3. जी.एस.एल. देवड़ा, 'रेगिस्तानी क्षेत्र में कृषि भूमि व उसका वर्गीकरण', *राजस्थान हिस्ट्री कांग्रेस प्रोसिडिंग*, वोल्यूम IX, कोटा, 1976, पृ. 37-38
4. पी.जी. फेगन, *सेटलमेंट रिपोर्ट, बीकानेर*, पृ. 6-7, रा.रा.अ.बी.
5. जी.एस.एल. देवड़ा, पूर्वोक्त, पृ. 226
6. राजेन्द्र कुमार, 'थार मरुस्थल में जल वितरण से सम्बद्ध कराधान प्रणाली (18-19 वीं सदी के सन्दर्भ में)', *जल, जीवन और समाज*, संपा. जिब्राईल, एनी बुक्स, दिल्ली, 2019, पृ. 100
7. राजेन्द्र कुमार, पूर्वोक्त, पृ. 101
8. मीना कुमारी, 'बसावट की प्रक्रिया एवं स्तरीकरण', अप्रकाशित शोधपत्र
9. *कागद बही*, नं. 3, वि.सं. 1827/1770 ई., इमेज नं. 32; बही नं. 4, वि.सं. 1831/1774 ई., इमेज नं. 33, 64, ऑनलाइन सर्वर, रा.रा.अ. बीकानेर
10. शिष्य या अनुयायी।
11. *कागद बही*, नं. 3, वि.सं. 1827/1770 ई., इमेज नं. 32, ऑनलाइन सर्वर, रा.रा.अ. बीकानेर
12. जी.एस.एल. देवड़ा, पूर्वोक्त, पृ. 186
13. *कागद बही*, नं. 3, वि.सं. 1827/1770 ई., इमेज नं. 32, ऑनलाइन सर्वर, रा.रा.अ.बी.
14. *कागद बही*, नं. 3, वि.सं. 1827/1770 ई., इमेज नं. 34, ऑनलाइन सर्वर, रा.रा.अ.बी.
15. राजेन्द्र कुमार, पूर्वोक्त, पृ. 105
16. राजेन्द्र कुमार, पूर्वोक्त, पृ. 102
17. कागद बही, नं. 5, वि.सं. 1838/1781 ई., इमेज नं. 22, ऑनलाइन सर्वर
18. जी.एस.एल. देवड़ा, *राजस्थान इतिहास के अभिज्ञान*, पृ. 203

19. *कागद बही*, नं. 4, वि.सं. 1831/1774 ई., पृ. 29, 35, 56; वि.सं. 1857/1800 ई., नं. 11, पृ. 81, 89
20. *कागद बही*, नं. 33, वि.सं. 1884/1827 ई., पृ. 9 एफ-2
21. *कागद बही*, नं. 33, वि.सं. 1884/1827 ई., पृ. 9 एफ-2
22. *कागद बही*, नं. 33, वि.सं. 1884/1827 ई., पृ. 25 एफ-2
23. *कागद बही*, नं. 32, वि.सं. 1882/1825 ई., पृ. 105 एफ-2
24. *कागद बही*, नं. 5, वि.सं. 1838/1781 ई., इमेज नं. 17, 25, 107, 119; बही नं. 4, वि.सं. 1831/1774 ई., इमेज नं. 69-70; बही नं. 3, वि.सं. 1827/1770 ई., इमेज नं. 32, 34, ऑनलाइन सर्वर, रा.रा.अ.बी.
25. *कागद बही*, नं. 33, वि.सं. 1884/1827 ई., पृ. 25 एफ-2
26. कमजोर।
27. जी.एस.एल. देवड़ा, पूर्वोक्त, पृ.185
28. *कागद बही*, नं. 5, वि.सं. 1838/1781 ई., पृ. 15 एफ-2
29. *कागद बही*, नं. 5, वि.सं. 1838/1781 ई., पृ. 17 एफ-1
30. राजेन्द्र कुमार, पूर्वोक्त, पृ. 111-112
31. राजेन्द्र कुमार, पूर्वोक्त, पृ. 111-113
32. वही
33. जी.एस.एल. देवड़ा, पूर्वोक्त, पृ. 217-218
34. जी.एस.एल. देवड़ा, पूर्वोक्त, पृ. 214
35. *नाली*-घग्घर नदी का हनुमानगढ़ जिले में अपवाह क्षेत्र।
36. राजेन्द्र कुमार, पूर्वोक्त, पृ. 111-112

**डॉ. मीना कुमारी**

नई दिल्ली

❑❑❑

# मथेरण चित्रकला : बीकानेर की सामाजिक, धार्मिक व सांस्कृतिक परम्पराओं के सचित्र दस्तावेज

● डॉ. राकेश किराड़ू

बीकानेर नगर स्थापना काल वि.सं. 1545 बैशाख सुदी 2 (12 अप्रैल 1488 ई.) से लेकर वर्तमान समय तक यहां एक कलाकार वर्ग अस्तित्व में रहा है जिसका दरबारी वर्ग से लेकर समाज के प्रत्येक समुदाय से न केवल घनिष्ठ कलात्मक रिश्ता रहा है बल्कि उनकी कला का समाज में विशिष्ट स्थान रहा है। यह वर्ग ''*मथेरी*', ''*मथेन*'', ''*मत्थेन*'', ''*मथेरण*'' इत्यादि जाति विशेषण से संबोधित किया जाता रहा है जिनका मुख्य कार्य चित्रकारी करना था जो उनकी आजीविका का मुख्य साधन रहा है। इसी वर्ग से उपजी कला को इनकी स्वयं की जाति के नाम पर ही मथेरण कला के नाम से अभिहित किया जाने लगा व कालान्तर में यहीं नाम रूढ हो गया। उनकी कला के संबंध में मान्यता है कि सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक संस्कारों के विषयों के मंथन के पश्चात् इनकी उत्पत्ति हुई इसलिए इनको कालान्तर में *मथेरी, मथेरण* आदि पुकारा जाने लगा एवं इनकी कलम से उपजी कला को मथेरण कला कहा जाने लगा।

बीकानेर में इनका आगमन नगर के संस्थापक राव बीका के साथ ही हुआ प्रतीत होता है और उसी समय से ही वे यहां पर चित्रकर्म करने लगे एवं इस कलाकार वर्ग के सभी परिवार राज परिवार के आदेशानुसार एक ही स्थान पर बस गये इसलिए कालान्तर में इस स्थान को मथेरी मोहल्ला कहा जाने लगा। जहां पर इन्होंने पीढ़ी दर पीढ़ी चित्रकर्म किया है और आज भी इनको यहां पर चित्रण करते हुए कभी भी देखा जा सकता है। उनका यह कलाकर्म पीढ़ी दर पीढ़ी अनवरत रूप से जारी है।

सर्वप्रथम हमें इनके पुरातन कलाकर्म के बारे में राजस्थान के पांडुलिपि ग्रंथागारों में उपलब्ध ग्रंथों की प्रतिलिपियों से परिचय प्राप्त होता है जिनमें कहीं लिपिकर्ता कहीं चित्रकार के रूप में इनके नामोल्लेख देखने को मिलते हैं। जैन व सनातन धर्मों की परम्पराओं में हजारों हजार की संख्या में ग्रंथों का सृजन इनके द्वारा हुआ है जिनमें मथेरण कलाकारों ने अपनी कूंची से रंगपात किया है।

इनमें धार्मिक ग्रंथों के अलावा साहित्यिक और ऐतिहासिक रचनाओं पर भी मथेरण कलाकारों द्वारा ग्रंथ सृजन हुआ है। धार्मिक रचनाओं में प्रमुख तौर पर *प्रहलाद चरित्र, दुर्गासप्तसती, पंचरत्न गीता, नासिकेत री कथा, कल्पसूत्र, अंगसूत्र एवं शालिभद्रमहामुनि चौपाई* इत्यादि हैं। साहित्यिक रचनाओं पर आधारित चित्रित ग्रंथों में *ढोला मारू री वात रा दूहा, चंदन मलयागिरी री बात, वेलीकृष्ण रूक्मणी री, बाराहमासा* व ऐतिहासिक कथानकों पर आधारित चित्रित ग्रंथों में *बरसलपुर गढ़ विजय* जैसे अनेकानेक चित्रित ग्रंथ प्रमुखता से हैं जिनका सृजन मथेरण कलाकारों ने किया है जिन ग्रन्थों का प्रभाव यहां के धार्मिक सामाजिक व सांस्कृतिक जीवन पर सदैव से ही रहा है।

इसके अतिरिक्त राजमहलों, सेठ साहूकारों की हवेलियों व अनगिनत प्राचीन मंदिरों में मथेरण कलाकारों ने भित्ति चित्रण किया है। इनके अतिरिक्त कई अधिक रूप में जनसामान्य के लिए (सामाजिक संस्कारों के तौर पर) ये चित्रकारी करते रहे हैं जिनमें जीवन के विविध पक्षों जैसे तीज त्यौहार, पर्वोत्सवों आदि पर चित्रण किया है, साथ ही साथ जन्म से लेकर मृत्यु तक समस्त संस्कारों पर भी चित्रण किया है, फिर चाहे वह जैन परम्पराओं से या सनातन परम्पराओं से संबंधित हो। साधारण जन की चित्रण आवश्यकओं की पूर्ति में उन्होंने अपनी कलात्मकता एवं कल्पनाओं का भरपूर प्रदर्शन किया। साथ ही अपनी कला के हुनर एवं बारीकियों को पीढी दर पीढी हस्तान्तरण करते गये जो आंशिक रूप से ही सही पर आज भी विद्यमान है।

सनातन परम्परा में जन्म के समय बनने वाली जन्म-कुण्डली को चित्रित करने से लेकर यज्ञोपवित संस्कार में प्रयुक्त स्लेट (स्थानीय नाम बोरखा पाटी), विवाह संस्कार के समय मातृका स्थापना (स्थानीय नाम मायाजी), विवाह के तोरण व स्तम्भ पर चित्र, बागवाड़ी (बारात के आगे चित्रित मण्डप) के चित्र व अंतिम संस्कार के समय घर के आंगन में बनने वाले गंगाचरण के चित्र (स्थानीय नाम गंगाजी रा पगलियाचरणचिन्ह) इत्यादि जीवन के समस्त संस्कारों पर मथेरण चित्रकारों ने अपनी कलम से चित्र उकेरे हैं या यूं कहें की इस संपूर्ण क्षेत्र में मथेरण चित्रकारी के बिना कोई संस्कार शायद ही पूर्ण हुआ हो तो कोई अतिश्योक्ति नहीं होगी। इस प्रकार मथेरण कलाकार इस क्षेत्र की संस्कृति के अभिन्न अंग रहे हैं बिना इनके कोई भी सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परम्परा का निर्वहन असंभव सा लगता है।

इसी क्रम में बात तीज त्यौहारों की करें तो बीकानेर परिक्षेत्र वह स्थान है जहां साल के 12 महीने ही तीज त्यौंहारों का बोलबाला रहता है। तीज त्यौंहारों

को मनाने में गहरी रुचि एवं उत्साह यहां के लोगों में देखने को मिलता है। इन तीज त्यौंहारों में भी जान फूंकने का कार्य सदैव से ही मथेरण चित्रकारों ने किया है। बीकानेर स्थापना पर्व के समय बनायी गई विशेष प्रकार की पतंग (स्थानीय नाम चंदा) से इनकी बानगी देखते ही बनती है। जिस पर सुन्दर चित्राकृतियां प्रतिवर्ष बनाई जाती हैं। इसी क्रम में दीपावली पर महालक्ष्मीजी पूजा का चित्रित पृष्ठ (स्थानीय नाम महालक्ष्मी जी का पाना), होली पर्व पर लोकरंजित मुखौटे, तरह तरह के मिट्टी कुट्टी के खिलौने बनाना व उस पर चित्रांकन, होलकाष्टक (होली से पूर्व 8 दिन तक चलने वाला उत्सव) के चित्रित स्तम्भ, शरदपूर्णिमा पर घरों की छतों पर लगने वाले आकाशदीप पर चित्रण, गणगौर पर्व पर गणगौर की काष्ठ निर्मित मूर्तियों पर रंगांकन इत्यादि ऐसे अनेक पर्वोत्सव हैं जिनमें मथेरण चित्रकारों ने चित्रण किया है जिसके कारण पर्वोत्सवों में और अधिक रोचकता का संचार हुआ है। इसके अतिरिक्त भित्ति-चित्र, पटचित्र, सचित्र काष्ठ फलक (प्रतराखिणी), सचित्र विनती व विज्ञप्ति पत्र, काष्ठ पात्रों पर चित्रण, लकड़ी की छतों, दरवाजों पर चित्रण, भौगोलिक चित्रण, सामुद्रिक शास्त्र पर चित्रित शकुनावली, तंत्र विद्या के चित्र, कामशास्त्र के चित्र, मणौत चित्र (स्वर्णमुनव्वत का कार्य) इत्यादि अनेकानेक विषयों पर मथेरण कलाकारों ने पीढ़ी दर पीढ़ी जीवनपर्यन्त चित्रण किया है।

उक्त समस्त प्रकार की चित्रण विधाओं में मथेरण कलाकारों ने कार्य किया है जिसका प्रभाव यहां के लोकजीवन व उनकी संस्कृति पर सदैव से ही रहा है या यूं कहे कि कोई भी पर्वोत्सव व जीवन का संस्कार ऐसा नहीं रहा होगा जिसमें मथेरण कलाकारों का योगदान नहीं रहा होगा। मथेरण कला की इस चित्रण विधा के कुछ उदाहरण निम्न दृष्टव्य हैं :-

## 1. ग्रंथ चित्रण :

| | |
|---|---|
| **ग्रंथ का नाम** | वेलि कृष्ण रूक्मणी री वात |
| **संग्रह स्थल** | अनूप संस्कृत पुस्तकालय, महाराजा गंगासिंह ट्रस्ट, लालगढ, बीकानेर |
| **सृजनकर्ता** | चित्रकार व लिपिकर्ता मथेन अखेराज |
| **सृजनकाल** | ई. 1751 (वि.सं. 1808) |
| **सृजन स्थल** | बीकानेर |
| **कुल चित्र** | 138 |

चित्र संख्या 1
वर्षा ऋतु में महल में
विराजित श्री कृष्ण व रूकमणी

चित्र संख्या 2
श्री कृष्ण का वंशीवादन

चित्र संख्या 3
श्री कृष्ण का गोपियों से दूध
का दान मांगना

भित्ति चित्रण

चित्र संख्या 1 बादल महल जूनागढ बीकानेर

इसी प्रकार मथेरण कलाकारों द्वारा सामाजिक सरोकारों, रीति रिवाजों एवं संस्कारों पर किये गये चित्रण के कुछ उदाहरण निम्न दृष्टव्य हैं :-

चित्र संख्या-1
लक्ष्मी पूजन (स्थानीय भाषा में नाम : पाना)



चित्र संख्या-2
बागबाड़ी (विवाह संस्कार)

चित्र संख्या-3
पतंग (स्थानीय नाम : चंदा)

चित्र संख्या-4 गणगौर

मथेरण कलाकारों के आश्रयदाता जहां एक ओर धनश्रेष्ठि थे जो ग्रंथचित्रण व भित्ति चित्रण जैसे गांभीर्यपूर्ण कार्य उनसे करवाते थे तो दूसरी ओर जनसामान्य जन्म से मृत्यु तक के संस्कारों व समस्त पर्वोत्सवों पर इनसे चित्रण कार्य करवाते थे लेकिन जैसे-जैसे आधुनिकता ने अपना प्रभाव बढ़ाना शुरू किया एवं प्रकाशन का व्यवसाय बढ़ा वैसे-वैसे इसका प्रतिकूल प्रभाव इनके कलाकर्म पर पड़ा। धार्मिक, सामाजिक व सांस्कृतिक संस्कारों से संबंधित प्रकाशित चित्र बाजार में आने लगे एवं धीरे-धीरे बाजार पर इनका पूर्ण नियंत्रण हो गया तब इन हस्तनिर्मित चित्रों की तुलना में प्रकाशित चित्र अत्यधिक सस्ते बनने लगे तब धीरे-धीरे इन चित्रों की मांग कम होने लगी एवं इस वर्ग पर आजीविका का संकट मंडराने लगा। फलस्वरूप इन कलाकारों ने दूसरे व्यवसाय की तरफ रुख करना शुरू कर दिया। कुछ ने इस जाति, पदनाम को भी परिवर्तित कर लिया। कुछ महात्मा तो कुछ जैन लिखने लगे कुल मिलाकर हम यह कह सकते हैं कि जिस कला व कलाकारों के कलाकर्म के बिना इस क्षेत्र में कोई भी धार्मिक सामाजिक व सांस्कृतिक परम्पराएं पूर्ण नहीं होती थीं अब आधुनिकता के इस दौर में वह चमक फीकी-सी पड़ गई है हालांकि मथेरण मोहल्ले में आज भी यह कलाकार चित्रण करते हुए देखे जा सकते हैं, लेकिन आवश्यकता है इस प्रवाही परम्परा को पुन: प्राणों के नवीन संचार की ताकि वह अपने मूल रूप में पुनर्स्थापित हो सके। वर्तमान में इस कला के दस्तावेजीकरण की अत्यन्त आवश्यकता है ताकि तत्कालीन सामाजिक, सांस्कृतिक एवं धार्मिक परम्पराओं के मुख्य स्रोत को संरक्षित किया जा सके।

## संदर्भ


1. मुंशी देवी प्रसाद, *राव बीकाजी का जीवन चरित्र*, पृ. 10-11
   इसके संदर्भित एक दोहा भी प्रसिद्ध है
   *पनरे सौ पैतालवे, सुद वैसाख सुमेर।*
   *थावर बीज थरपियो, बीके बीकानेर।।*
2. डॉ. निरंजन देव व्यास, 'मथेन जाति के चितेरों का राजस्थानी शैली के विकास और प्रसार में योगदान', अप्रकाशित शोध पृ. 72
3. राय बहादुर मुंशी हरदयालसिंह, *रिपोर्ट मर्दुमशुमारी* राज. मारवाड़ सन् 1891 ई. श्री जगदीश सिंह शोध संस्थान, जोधपुर, 1997 पृ. 234
4. कृष्णचंद्र शर्मा, *मथेरण कलम*, मरूधारा शोध केन्द्र, बीकानेर, पृ.सं. 18
5. डॉ. निरंजन देव व्यास, पूर्वोक्त पृ. 144
6. वहीं पृ. 170
7. वहीं पृ. 181


❑❑❑

# चरखा और खादी के अनुप्रयोग में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की भूमिका

• प्रीति गिरि

• प्रो. आभा रुपेंद्र पाल

*चरखा एक हस्तचलित युक्ति है जिससे सूत तैयार किया जाता है। इसका उपयोग कुटीर उद्योग के रूप में सूत उत्पादन में किया जाता रहा है।*

भारत के स्वतंत्रता संग्राम में यह आर्थिक स्वावलम्बन का प्रतीक बन गया था। 'खादी केवल वस्त्र नहीं बल्कि विचार है'। ये वाक्य भारत के राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी ने कहा था। आज भी लोगों के मस्तिष्क में खादी का नाम आते ही राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की याद आती है। उनके इस काम में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने उनका बखूबी साथ दिया। खादी के प्रचार-प्रसार का काम डॉ. राजेन्द्र प्रसाद को विशेष रूप से प्रिय था। वस्तुत: खादी को लोकप्रिय बनाने का श्रेय उन्हीं को जाता है। 22 सितम्बर 1925 को जब अखिल भारतीय चरखा संघ की स्थापना हुई तो डॉ. राजेन्द्र प्रसाद इसके प्रतिनिधि नियुक्त किए गए और यह उन्हीं के दिन-रात के परिश्रम का फल था कि बिहार में खादी का काम इतना आगे बढ़ सका। घर-घर चरखे चलने लगे, अनेक स्थानों पर खादी के उत्पादन केन्द्र कायम हुए, बिक्री केन्द्र खुले और इस तरह हजारों लोगों को रोजी मिलने लगी। इस काम के सम्बन्ध में वे दूर-दूर के प्रांतों के विभिन्न भागों का भ्रमण करते और प्रदर्शनियों के माध्यम से एवं स्वयं भाषणों द्वारा खादी अपनाने के प्रयोजन तथा फायदों पर प्रकाश डालते थे। चरखा गरीबों की ओर समाज का ध्यान आकर्षित करने का एक माध्यम है, यह छोटे और घरेलू उद्योगों की वापसी के साथ आर्थिक कष्टों को दूर करने का सुलभ मार्ग है। यह उत्पादन और वितरण का विकेन्द्रीकरण करने का विचार है। इसके अतिरिक्त चरखा गाँववासियों के लिए उन्नति और आत्मनिर्भर बनाने का मार्ग है। इसमें सहयोग

करते हुए खादी के प्रचार के लिए डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने दक्षिण भारत का भी बहुत दिनों तक भ्रमण किया। इस क्रम में वे आंध्रप्रदेश भी गए और प्रदेश के कांग्रेसजनों के आग्रह पर वहाँ दिए गए अपने भाषणों का एक संकलन तैयार किया, जो 'खादी का अर्थशास्त्र' शीर्षक से प्रकाशित हुआ।

भारत में चरखे के बहुतेरे उपयोग की गति महात्मा गांधी के भारत आगमन के साथ ही तीव्र हो जाती है। इस अनुक्रम में सन् 1920 में गाँधीजी ने असहयोग आंदोलन के समय विशेषकर चरखे पर जोर दिया। गाँधीजी जब दक्षिण अफ्रीका में थे तभी से उन्हें बड़ा दु:ख था कि अंग्रेजों ने हिंदुस्तान के कपड़े के धंधे को नष्ट कर भारतवासियों पर बड़ा अन्याय किया। उस समय देश में देशी मिलें नहीं थीं इसलिए करीब-करीब एक सौ नब्बे करोड़ का कपड़ा विलायत से आता था। गाँधीजी हिंदुस्तान के कपड़े के धंधे को जीवित कर देश के रुपये को देश से बाहर जाने से बचा लेना चाहते थे।[1] 5 फरवरी 1922 के चौरी-चौरा कांड के तुरंत बाद गाँधीजी ने पहले पहल कांग्रेस के रचनात्मक कार्य को एक निश्चित एवं परिष्कृत रूप दिया और उनके जेल जाते ही डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने गाँधीजी के शब्दों को याद रखा और रचनात्मक कार्यों को एक ठोस अस्तित्व देने के लिए जीवनभर प्रयत्नशील रहे।[2]

सन् 1923 में गाँधीवादी नीति पर चलने वालों ने गाँधी सेवा-संघ की स्थापना की। सेठ जमनालाल बजाज, राजगोपालाचारी, सरदार पटेल, गंगाधर राव देशपाण्डे तथा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद इसके संचालक मंडल के सदस्य हुए। इसी समय पटना में एक सार्वजनिक सभा में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद अपने सहयोगियों के साथ शामिल हुए तथा खादी के प्रचार के काम को जोरों से चलाने का निर्णय लिया गया।[3] 23 दिसंबर 1924 में पटना में खादी प्रदर्शनी तथा चरखे से संबंधित प्रतियोगिता हुई।[4] इसमें सरकारी उच्च कर्मचारियों के प्रधान न्यायमूर्ति सर डाउसन मिलर, एच. मेकफरसन तथा अन्य हिंदुस्तानी और अंग्रेज न्यायमूर्ति भी शामिल हुए। इसके उद्घाटन समारोह में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने अपने भाषण में कहा, ''महात्मा गाँधी ने चरखे को रचनात्मक कार्यक्रम कहा परंतु इसके साथ-साथ इसका आर्थिक पहलू भी था, क्योंकि हिंदुस्तान में मिलों के कारण बेकारी की समस्या बहुत बढ़ गई थी। सिर्फ चरखे अपनाने से ही हर एक व्यक्ति की औसत आमदनी सवाई बढ़ जाती और वस्त्र के लिए कहीं भटकना भी नहीं पड़ता था।[5] चूंकि हमारे देश में 100 आदमियों में से 80 किसान हुआ करते हैं। सभी स्थान के किसान वर्ष के सभी दिन और प्रत्येक समय काम नहीं कर

सकते थे। जिस समय वह खेती नहीं करते उस समय वह बेकार बैठे रहते थे। अत: ऐसे समय में यदि किसान चरखे चलाए तो बेकारी भी खत्म होगी तथा कपड़े का अभाव भी खत्म हो जाएगा'।[6]

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का मानना था कि उड़ीसा को छोड़कर बिहार की हिंदी भाषी जनता की आबादी लगभग तीन करोड़ की होगी, और यहाँ के लोग औसतन ग्यारह गज कपड़ा प्रति व्यक्ति इस्तेमाल करते हैं। इस तरह इस प्रांत के लिए लगभग 33 करोड़ गज कपड़े की जरूरत पड़ेगी। अगर साल में सिर्फ 300 दिन करघे का काम किया जाए तो हमें 33 करोड़ गज कपड़ा तैयार करने के लिए प्रतिदिन 11 लाख गज सूत कातना पड़ेगा और अगर एक करघे पर प्रतिदिन 5.5 गज से बहुत अधिक कपड़ा बुना जा सकता है और अगर 4 गज का औसत प्रति दिन रखा जाए तो मैं समझता हूँ यह बहुत ज्यादा नहीं होगा। हम देसी या विदेशी मिलों के कपड़ों का पूरा बहिष्कार करना चाहते हैं तो जो करघे अभी चल रहे हैं, उनमें थोड़ी-सी और बढ़ोतरी कर हम वैसा कर सकते है। उनका मानना था कि उनके प्रांत के लिए जो बात सही है, वह सभी प्रांतों के लिए और सारे देश के लिए भी सही है।[7]

बुनाई मुनाफे का काम नहीं है और सूत कातने वालों की मजदूरी इतनी कम है कि कोई भी मर्द या औरत इसे अपना रोजगार नहीं बना सकते थे। अगर इसकी मजदूरी बढ़ा दी जाती तो कपड़ा इतना महँगा हो जाता कि कोई इसे खरीद ही नहीं पाता। सूत कातने वालों की मजदूरी बहुत है या नहीं, इस सवाल के बारे में डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने बिहार प्रांत के अपने व्यक्तिगत अनुभव से बताया कि वहाँ की बहुत सारी औरतें अभी भी सूत कातने का काम करती है और उसी से अपने घर का गुजर-बसर करती हैं। अगर कोई व्यक्ति कताई से चार रुपये महीने कमा लेता है तो इस बात का ध्यान रखते हुए कि हमारे यहाँ के लोगों की औसत आमदनी सवा दो रुपये से ज्यादा नहीं है अत: इस आमदनी को कम नहीं कहा जा सकता है। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि अगर लोग चरखा और खादी के काम का उचित संगठन और प्रचार करने में अपनी ताकत लगाएँ तो बिहार में और पूरे देश में भी विदेशी कपड़ों का पूरा बहिष्कार करना असंभव नहीं होगा।[8]

इसके अतिरिक्त खादी के नैतिक और सांस्कृतिक पहलू भी हैं। खादी की पवित्रता और देशभक्ति की भावना लोग महसूस करते हैं। इसके द्वारा धन का जो समान वितरण होता है, उसमें हमें एक तरह की भारतीय संस्कृति की झलक मिलती है। गाँधीजी ने सूत्र रूप में चरखा को शिक्षा का माध्यम बनाने को कहा।

परंतु उनकी यह बात लोगों को समझ में नहीं आई। भारत में उस समय बहुत बड़े परिमाण में अशिक्षा थी। ब्रिटिश सरकार सदा यह कहती आई थी कि प्राथमिक शिक्षा को अनिवार्य करने में बहुत ज्यादा खर्च पड़ेगा जो भारतवर्ष सहन नहीं कर सकता है। गाँधीजी ने सरकार की बात को पूरी तरह से नकारते हुए यह कहा कि लड़के किसी हुनर के द्वारा शिक्षा प्राप्त करें तो शिक्षा व्यय आसानी से निकाल लेगें और भविष्य में जीविका के लिए एक हुनर भी सीख लेंगे और चरखा इसका माध्यम बनेगा।[9]

सन् 1923 ई. में काकीनाडा कांग्रेस अधिवेशन के समय अखिल भारतीय खादी बोर्ड की स्थापना हुई।[10] इसके लिए तिलक स्वराज्य फंड से बहुत आर्थिक सहायता मिली थी, परंतु बाद में जब स्वराज्य पार्टी के साथ समझौता हुआ, तब अखिल भारतीय कांग्रेस समिति के एक प्रस्ताव द्वारा 22 सितंबर 1925 को अखिल भारतीय चरखा संघ की स्थापना की गई। यह कांग्रेस द्वारा स्थापित संस्था जरुर थी परंतु यह बिल्कुल स्वतंत्र संस्था थी। गाँधीजी चरखा संघ के अध्यक्ष थे।[11] इन सब के अतिरिक्त प्रत्येक काम की देखरेख के लिए एजेन्ट नियुक्त किये गए तथा उनकी सहायता के लिए प्रांतीय मंत्री की भी नियुक्ति की गई। एक कांग्रेसी कार्यकर्ता राम विनोद सिंह ने जे.बी. कृपलानी की सिफारिश तथा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की अनुमति से उनके काम को आगे बढ़ाने के लिए एक बड़ी रकम कर्ज के रूप में खादी बोर्ड की तरफ से दी। इस प्रकार के प्रयत्न से खादी की उत्पादन क्षमता और बिक्री केंद्र को प्रोत्साहन मिला और यह दिन-प्रतिदिन बढ़ने लगी।[12]

महीन खादी के लिए आंध्रप्रदेश प्रसिद्ध हुआ और बिहार की *कोकटी* भारत के सभी सूबों में जाने लगी। साथ-साथ रंगाई और छपाई का काम भी शुरू हो गया। जगह-जगह पर खादी-प्रदर्शनी का कार्य डॉ. राजेन्द्र प्रसाद सन् 1926 से लगातार करते रहे। पटना, बेतिया, मोतिहारी, जमशेदपुर आदि जगहों में प्रदर्शनी लगाई गई जिससे कि खादी की बिक्री में बहुत बढ़ोत्तरी हुई।[13] सन् 1925 में गाँधीजी ने बिहार के कुछ जिलों का दौरा कर खादी के लिए फंड जमा किया। गाँधीजी तथा डॉ. राजेन्द्र प्रसाद खादी की प्रदर्शनी के लिए आंध्रप्रदेश गए। वहीं डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने खादी आश्रमों का मुआयना किया तथा खादी से संबंधी सुझाव अपने भाषण में दिया।[14]

डॉ. राजेन्द्र प्रसाद खादी के प्रचार के लिए असम गए, वहाँ पर रेशम के कीड़े पालना, सूत निकालना और बुनना प्रायः प्रत्येक घर की महिलाएँ जानती थी। डॉ. राजेन्द्र प्रसाद ने उन्हें प्रोत्साहित किया तथा साथ ही चरखा संघ से

सिफारिश कर असम में खादी प्रचार हेतु एक अच्छी रकम दिलवाई।[15] उनका मानना था कि खादी ने पोशाक की एकता से बड़े-छोटे का भेदभाव बहुत हद तक दूर कर दिया था। उनका कहना था कि जब मैं वकालत करता था उस दौरान एक खास तरह की पोशाक सिलवानी पड़ती थी। लोग तो बहुत शौक से अपना ऐश्वर्य दिखलाने के लिए कपड़ा पहनते है। इसी दौरान एक बार पंडित मोतीलाल नेहरू ने डॉ. राजेन्द्र प्रसाद से कहा, क्यों जी, मालूम पड़ता है तुम सिर्फ जाड़ा काटने के लिए कपड़े पहनते हो, तो इसके प्रतिउत्तर में उन्होंने कहा ''तो और किस काम के लिए कपड़े पहनते है'' पंडित जी का कहना था लोग देखकर कहे कि कपड़ा पहना है। लगभग इसी भेद को खादी ने दूर कर दिया था। खादी देश-सेवा का काम करने वालों की एक वरदी सी हो गई थी। एक तरह से इस पोशाक ने हम सभी को एकता के धागे से बांध दिया था। यही कहना था डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का।[16]

चरखे की उन्नति कई तरह से देखने में आई। अच्छे से अच्छा बारीक सूत बनने लगे। जिससे बारीक और मोटे दोनों प्रकार के कपड़े अधिक तैयार होने लगे। यह खादी, मिल के बने किसी भी कपड़े का मुकाबला कर सकने में समर्थ थी।[17] खादी की बिक्री बढ़ाने के लिए जगह-जगह प्रदर्शनी की जाती तथा इन प्रदर्शनियों में खादी बनाने की विधि भी दिखलायी जाती थी। काम करने वाले कारीगर कपास लोढ़ने से आरंभ कर उटाई, धुनाई, कताई, बुनाई, रंगाई, छपाई इत्यादि सभी प्रक्रियाएँ दिखलाते थे। साथ ही अगर नए प्रकार के यंत्र किसी भी सूबे में तैयार किए जाते, उसे भी प्रदर्शनी के माध्यम से लागों को दिखलाया जाता था। साबरमती आश्रम तो इसी अनुसंधान में लगा रहता था कि किसी भी यंत्र को उन्नत कैसे किया जाए। इसके अतिरिक्त अन्य जगहों पर भी प्रांतीय शाखाएँ अपने-अपने क्षेत्र में अनुसंधान और प्रयोग का काम करती रहतीं। जिसके फलस्वरूप बहुत किस्म के नए चरखे निकले, जिनका मुख्य उद्देश्य था खादी की प्रगति को बढ़ाना।[18]

कपास की खेती के अलावा रेशमी खादी की भी बहुत प्रगति हुई जहाँ कुछ निम्न स्तर पर रेशम का काम होता था वहाँ वह बहुत ज्यादा बढ़ गया, क्योंकि रेशमी कपड़ों की बिक्री का एक अच्छा साधन चरखा संघ हो गया। विदेशी रेशमी कपड़ा बहुत अधिक प्रचलित था। परंतु अब रेशमी खादी, सुंदरता और कीमत में, विदेशी रेशमी कपड़े का बहुत हद तक मुकाबला करने लगी थी। इसके अतिरिक्त ऊनी खादी भी बनने लगी थी। इसके लिए विशेष प्रबंध कश्मीर में किया गया था। चरखा संघ ने खादी पहनने वालों के लिए ऊनी खादी तैयार

कराकर अपने भंडारों में बेचना आरंभ कर दिया था। इस तरह खादी में बहुत प्रगति हुई और इसकी बिक्री बढ़ गई[19] गाँधीजी ने 'हरिजन' में लिखा है कि हम लोगों में यदि खादी के प्रति थोड़ी भी श्रद्धा होगी तो हम एक दिन देखेंगे कि सुदूर से आने वाले कपड़ों के टुकड़े बेचने वाले जिन करोड़ों ग्राहकों को ये टुकड़े बेचते है, उन्हीं करोड़ों को हम खादी बेच सकते हैं[20] यदि प्रत्येक स्त्री अपने खाली समय में सूत काते तो जनता को सूत रुई के दाम पड़ेंगे[21] गाँधीजी के साथ-साथ डॉ. राजेन्द्र प्रसाद का यह मानना था कि ब्रिटिशों ने भारतीय बाजार को विदेशी वस्त्रों से भर दिया है और इन वस्त्रों को बेचकर जो आय होती है वह पुनः ब्रिटेन चली जाती है। अतः अपने देश का पैसा देश में रखने के लिए खादी वस्त्र पहनना चाहिए।

## निष्कर्ष

भारत के आर्थिक राष्ट्रवाद में एक महत्वपूर्ण हथियार यदि खादी को कहा जाए तो अतिश्योक्ति नहीं होगी। गाँधीजी प्रत्येक आंदोलन के दौरान व उसके बाद भी चरखा चलाने की बात करते रहे थे इससे एक ओर जहाँ हमें रोजगार मिलता था वही दूसरी ओर स्वदेशी वस्त्रों व सामानों के प्रयोग के द्वारा विदेशी वस्त्र के प्रहार से हम ब्रिटिशों पर आर्थिक प्रहार करते थे। भारत को आत्मनिर्भर बनाने के लिए खादी को लेकर डॉ. राजेन्द्र प्रसाद की सोच आज फैशन के इस दौर में कहीं गुम हो गई है। भारत परिधानों के लिए विदेशी कंपनियों पर काफी हद तक निर्भर हो गया है। लेकिन ऐसा भी नहीं है कि खादी का अस्तित्व भारत से मिट चुका है। आज खादी ने भारत के साथ विदेशों में भी अपनी जगह बना ली है। वर्तमान भारत में एक बार फिर खादी आम भारतीय से जुड़ी है। ''प्रत्येक भारतीय के पास कम से कम एक जोड़ी खादी की पोशाक होनी चाहिए'' और अब ''आत्मनिर्भर भारत'' के आह्वान से खादी को पुनर्जीवन मिल रहा है। खादी नये रूप में सभी की जरूरतें पूरी करने के लिए एक बार फिर ''स्वदेशी'' से शुरू होकर ''आत्मनिर्भर'' तक की यात्रा कर रही है। खादी का रिश्ता हमारे इतिहास और परंपरा से है जिसे भारतीय समाज अपनी संस्कृति के रूप में मानता है।

## संदर्भ

1. महात्मा गाँधी, *मेरे सपनों का भारत*, तुलसी साहित्य पब्लिकेशन, दिल्ली, 2008, पृ. 89

2. पुखराज जैन, *भारत में स्वतंत्रता आंदोलन का इतिहास*, साहित्य भवन पब्लिकेशन्स, आगरा, 2007 पृ. 88
3. तारा सिन्हा, *युगपुरुष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद*, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2017, पृ. 34
4. सर्च लाईट, 31 दिसंबर 1924
5. राजेन्द्र प्रसाद, *बापू के कदमों में*, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2010, पृ. 124
6. वही, पृ. 124
7. राजेन्द्र प्रसाद, *गाँधीजी की देन*, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2015, पृ. 52
8. राजेन्द्र प्रसाद, *असमंजस*, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2011, पृ. 68
9. सम्पूर्ण गाँधी वाङ्मय, खण्ड-40 पृ. 298
10. लालबहादुर सिंह चौहान, *देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद*, स्वास्तिक प्रकाशन, दिल्ली, 2004, पृ. 62
11. काली किंकर दत्त, *आधुनिक भारत के निर्माता डॉ. राजेन्द्र प्रसाद*, प्रकाशन विभाग, 2011 पृ. 95
12. तारा सिन्हा, *युगपुरुष डॉ. राजेन्द्र प्रसाद*, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2017 पृ. 35
13. महात्मा गाँधी, *ग्राम स्वराज्य*, प्रभात प्रकाशन, दिल्ली, 2016 पृ. 48
14. सम्पूर्ण गाँधी वाङ्मय खण्ड-25, 1968, पृ. 475
15. राजेन्द्र प्रसाद, *आत्मकथा*, सस्ता साहित्य मंडल, दिल्ली, 2013, पृ. 381
16. वही, पृ. 381
17. ब्रज कुमार पांडेय, *देशरत्न डॉ. राजेन्द्र प्रसाद जीवनवृत्त और विचार*, नेशनल बुक ट्रस्ट, 2014 पृ. 156
18. महात्मा गाँधी, *ग्राम स्वराज्य*, प्रभात प्रकाशन, नई दिल्ली, 2011 पृ. 88
19. राजेन्द्र प्रसाद, पूर्वोक्त, 2010, पृ. 125
20. *हरिजन*, 4-5-1935
21. सम्पूर्ण गाँधी वाङ्मय, खण्ड-62, 1975, पृ. 70

❑❑❑

# अभिलेखीय स्रोतों के आधार पर ठिकाना चाणोद का ऐतिहासिक अवलोकन

## जसवन्तसिंह

जोधपुर रियासत से सम्बन्धित ऐतिहासिक दस्तावेजों की एक लम्बी शृंखला राजस्थान राज्य अभिलेखागार एवं राज्य के विभिन्न पुस्तकालयों में संरक्षित है। इनकी प्रकृति पुरालेखीय (archival) व अपुरालेखीय (non-archival) दोनों प्रकार की है। यह दस्तावेज राज्य के केन्द्रीय इतिहास को ही नहीं बल्कि स्थानीय ठिकानों के साथ केंद्रीय सत्ता के संबंधों को भी प्रकट करते हैं। इन अभिलेखों में ठिकाने को स्थापित करने की सूचना के साथ ही उक्त क्षेत्र की रेख व राजस्व की आमदनी को देखा जा सकता है। इन राजकीय अभिलेखों के अतिरिक्त ठिकानों द्वारा भी नीजी स्तर पर आय-व्यय के हिसाब-किताब के रख-रखाव हेतु विभिन्न प्रकार की लेखा व जमा-खर्च की बहियों का सृजन किया गया, इसके साथ ही ठिकानों की ऐतिहासिकता को प्रकट करने के उद्देश्य से ठिकानेदारों द्वारा समय-समय पर *ख्यातों, तवारीखों* एवं *वंशावलियों* की रचनाएं करवाई गई। इसके अतिरिक्त ठिकाने के जागीरदारों के चरित्र व शौर्य के महिमा-मंडन के लिए कई प्रकार की साहित्यिक रचनाएँ भी उनके आश्रित चारण एवं भाटों द्वारा की गई, जो यदा-कदा ऐतिहासिक तथ्यों पर भी प्रकाश डालती हैं।

जोधपुर राज्य द्वारा महाराजा जसवन्तसिंह के शासनकाल में, 20 जनवरी, 1888 ई. को ''महकमा तवारीख विभाग'' की स्थापना की गई, जिसका उद्देश्य मारवाड़ राज्य के राजनितिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक इतिहास का पुनर्लेखन करना था। इस उद्देश्य की पूर्ती हेतु राज्य के समस्त जागीरी ठिकानों व अन्य गाँवों के इतिहास के प्रमाणिक साक्ष्यों के रूप में *ख्यातों* व *तवारीखों* की रचनाएँ करवाई गई थी[1], इन रचनाओं में अंकित ऐतिहासिक तथ्यों का निरीक्षण करके ही इनको प्रमाणिकता प्रदान की गई। अतएव, उक्त विभिन्न ऐतिहासिक अभिलेखों के आधार पर ठिकाना चाणोद

के इतिहास की प्रमाणिकता का अध्ययन करने का छोटा सा प्रयास इस शोध पत्र के माध्यम से किया गया है।

रियासतकालीन जोधपुर राज्य में 'चाणोद' मारवाड़ का प्रमुख ठिकाना रहा, जो पूर्व में गोड़वाड़ क्षेत्र के अन्तर्गत रहने के कारण मेवाड़ राज्य के स्वामित्त्व में था। परन्तु, 18वीं सदी के उत्तरार्द्ध में महाराजा विजयसिंह के नेतृत्व में गोडवाड़ क्षेत्र पर मारवाड़ राज्य का अधिपत्य स्थापित हो जाने से यह ठिकाना मारवाड़ में सम्मिलित हो गया था। चाणोद, जोधपुर से 120 कि.मी. दूर स्थित है। यहाँ के ठिकानेदार, मेड़तिया राठौड़ों की प्रतापसिंघोत शाखा से हैं। इस ठिकाने की कुल *रेख* 31000) रुपये और इसके अन्तर्गत कुल 23 गांव थे। चाणोद से सम्बद्ध अभिलेखीय सामग्री के अध्ययन से इसकी भौगोलिक संरचना, देवालय, जल प्रबन्धन, युद्ध अभियान, स्थापत्य वैभव, *रेख-चाकरी, हुकमनामा,* पट्टा प्रणाली, *कुरब-कायदे, अदालती अखत्यार* तथा ठिकाने का वंशक्रम एवं सांस्कृतिक परम्पराओं आदि पर महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। परिणामतः चाणोद ठिकाने के ऐतिहासिक अध्ययन हेतु अपुरालेखीय सामग्री की महती भूमिका मानी जा सकती है।

इस अध्ययन से मारवाड़ राज्य के इतिहास की हमारी समझ और अधिक समृद्ध होगी।

## अपुरालेखीय दस्तावेजों में चाणोद ठिकाना

राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर में संग्रहीत *ख्यातें* एवं *तवारिखें* ऐतिहासिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। जोधपुर राज्य के विभिन्न ठिकानों एवं गाँवों की *ख्यातें* व *तवारिखें* 20वीं सदी के प्रारंभ में *''महकमा तवारीख विभाग''* के माध्यम से तैयार करवाई गयी थीं।[2] इसी दौरान चाणोद ठिकाने की *ख्यात* व *तवारीख* भी तैयार हुई थी, जिसमें वर्णित सूचनाएं ऐतिहासिक दृष्टि से बड़ी महत्वपूर्ण हैं। *चाणोद री ख्यात* के अध्ययन से ज्ञात होता है कि ठिकाने के पूर्वज जोधपुर राज्य के संस्थापक राव जोधा के पुत्र दूदाजी के वंशज थे। सर्वप्रथम महाराणा सांगा की ओर से प्रतापसिंह को जनोद नामक ठिकाना दिये जाने का उल्लेख ख्यात से ज्ञात होता है। अनन्तर, अनोपसिंह को उक्त महाराणा की ओर से चाणोद ठिकाना 1713 ई. में प्रदान किया गया था। इस ख्यात में ठिकानेदारों के उत्तराधिकारियों जिनमें ठाकुर प्रतापसिंह से लेकर किशोरसिंह तक का विवरण संकलित किया गया मिलता है। इस ख्यात में ठिकानेदारों के विभिन्न सैनिक अभियानों, राज्य की चाकरी, गांवों के पट्टों एवं *रेख* के साथ *कुरब-ताजीम* का विवरण मिलता है।[3]

इसी प्रकार ठिकाने की *तवारीख* इस क्षेत्र की भौगोलिक संरचना पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए जानकारी देती है कि इस गांव की मिट्टी मटियाली एवं रेतीली है और इस गांव में कुल 2 जलाशय एवं 96 कुएं विद्यमान होने के साथ ही कुएं की गहराई और पानी की गुणवत्ता पर भी प्रकाश डाला गया है। इसके साथ ही गांव में वनस्पति के रूप में कैर, बबूल, झाड़ एवं खान-पान में मक्की एवं बाजरा उपभोग में लाने से सम्बद्ध जानकारी के अतिरिक्त यहां पाए जाने वाले वन्य जीवों में हिरण एवं खरगोश का विवरण अंकित है।

*तवारीख* से तत्कालीन ठिकाने की जातीय जनगणना के साथ ही यहां के लोगों का आर्थिक आधार पर विस्तृत विवेचन ज्ञात होता है। इसके अनुसार उस समय राजपूतों के 63, मीणों के 105, मुसलमानों के 50 और महाजनों के 231 घरों के अलावा कृषि कार्य में संलग्न कुल घरों की संख्या 483 का विवरण देते हुए सिरवी एवं घांची लोगों का कृषि कार्यों से जुड़ा होना बताया है। इसके साथ ही उस समय दैनिक उपभोग में काम में ली जाने वाली वस्तुओं की बिक्री हेतु 50 दुकानों का उल्लेख भी सम्मिलित है।

गांव के स्त्री एवं पुरुषों का पहनावा का उल्लेख देते हुए लिखा मिलता है कि यहाँ के लोग 1 *लांग* एवं 2 *लांग* की धोती के साथ ही *अंगरखी, बंडी* एवं *पोतीया* धारण करते हैं वहीं यहाँ के राजपूत एवं महाजन लोग मूठदार पाग एवं आम लोग साधारण पगड़ी धारण करते हैं। ठिकाने में कुल 14 मन्दिरों का उल्लेख देते हुए प्रत्येक मन्दिर का नामोल्लेख के साथ ही उस मन्दिर का निर्माण वर्ष भी *तवारीख* से ज्ञात होता है। *तवारीख* में यहाँ के ब्राह्मण लोगों का विष्णु धर्म और ईष्ट सालग राम को, वहीं ठिकानेदारों का ईष्टदेव शिव को माना है और कुलदेवी के रूप में नागणेचिया माता को प्रधानता दी है।

*तवारीख* में लिखित विवरण क्रमानुसार 1 से 55 तक मिलता है जिसके प्रत्येक चरण में गांव के सम्बन्ध में महत्त्वपूर्ण जानकारी प्राप्त होती है। तवारीख से ठिकाने में बने महल, कोट, बुर्ज आदि के उल्लेख के साथ ही ठिकानेदारों का सर्वप्रथम मेवाड़ राज्य अनन्तर मारवाड़ राज्य की सेवा में रहने का विवरण देने के साथ ही यहाँ के ठिकानेदारों के द्वारा जोधपुर राज्य के सैनिक अभियानों में इनकी भूमिका पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला गया है जिसकी पुष्टि दूसरे स्रोतों से भी होती है। तवारीख के सबसे अन्तिम पृष्ठों पर ठिकानेदारों को चाणोद ठिकाना कौन-कौन से समय राज्य की ओर से ईनायत किया गया उसका भी उल्लेख हुआ है। इसकी पुष्टि भी अभिलेखागार में संग्रहीत *पट्टा बहियों* एवं *सनद* बहियों से होती है।[4]

## पुरालेखीय दस्तावेजों में ठिकाने की ऐतिहासिकता से जुड़े साक्ष्य

चाणोद ठिकाने की ऐतिहासिकता को *ख्यात* एवं *तवारीखों* के अतिरिक्त जोधपुर राज्य के पुरालेखीय दस्तावेजों में भी देखा जा सकता है। इस दृष्टि से अनेक दस्तावेजों को श्रेणीबद्ध किया गया हैं, जिनमें पट्टा बहियाँ, हकीकत बहियाँ, हकीकत खाता बहियाँ तथा सनद परवाना बहियाँ मुख्य हैं, इन दस्तावेजों के साक्ष्य में ठिकाने की ऐतिहासिक महता को शोध जगत के समक्ष मुखर करने का प्रयास किया गया है। संभवतः राजकीय दस्तावेजों के सन्दर्भ इस तथ्य को पुष्टता प्रदान करेंगे। इस दृष्टि से इन दस्तावेजों से संकलित की गई सूचनाओं को नीचे लिपिबद्ध किया गया है।

## ठिकाने की स्थापना एवं विकास-क्रम की जानकारी का मुख्य ऐतिहासिक स्रोत हकीकत एवं पट्टा बहियां

चाणोद ठिकाने के राजनीतिक एवं सांस्कृतिक इतिहास लेखन में जोधपुर की *हकीकत बही* का अभूतपूर्ण योगदान रहा है। जोधपुर राज्य में किसी राजकीय मेहमानों के आगमन पर दूसरे जागीरदारों की भांति चाणोद ठिकानेदार भी अपनी सेवाएं देते थे। *हकीकत बही* से ज्ञात होता है कि 1936 ई. में बड़ौदा के महाराजा जीयाजी राव के आगमन पर[5], 1937 ई. में मुम्बई के गवर्नर जनरल के आगमन पर[6], 1939 ई. में उदयपुर के महाराणा भोपालसिंह के आगमन पर[7] चाणोद का ठाकुर मुकनसिंह उनकी अगुवाई में सम्मिलित था। बही में अदालती अख्तियार के तौर पर मारवाड़ के ठिकानेदारों को तीन श्रेणी में विभक्त किया गया था जिनमें चाणोद ठिकानेदार को प्रथम दर्जे के अख्तियार प्रदान किये गये थे।[8]

*हकीकत बही* में ठाकुर मुकनसिंह के समय यह अधिकार जोधपुर के महाराजा उमेदसिंह ने दिये थे इसके साथ ही मारवाड़ के दूसरे जागीरदारों को कौन-कौन से अदालती अख्तियार दिये गये उसका भी विवरण इस बही में संकलित किया गया है। बही से यह भी ज्ञात होता है कि 1936 ई. में मुकनसिंह ने जोधपुर पहुँच कर महाराजा से भेंट कर अपनी ओर से नजर-नौछावर की थी।[9] वहीं 1937 ई. में ठाकुर मुकनसिंह के पुत्र के विवाह के अवसर पर महाराजा उमेदसिंह चाणोद आए थे।[10] अतः ठिकाने के सामाजिक पक्ष को उजागर करने में *हकीकत बही* का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा है।[11]

इसी प्रकार, जोधपुर राज्य की *पट्टा बहियों* में चाणोद ठिकाना कब, किस राज्य काल में दिया गया उसका उल्लेख मिलता है। इन बहियों के अनुसार यह ठिकाना सर्वप्रथम ठाकुर तेजसिंह विसनसिंघोत को महाराजा मानसिंह की ओर

से वि.सं. 1867/1810 ई. की *उनालू साख*[12] में प्रदान किया गया था।[13] परन्तु तेजसिंह की मृत्यु के बाद इसे खालसा क्षेत्र में सम्मिलित कर लिया गया था।

तदनन्तर, महाराजा मानसिंह के समय ठाकुर तेजसिंह के पुत्र जसवंतसिंह को वि.सं. 1891/1834 ई. में पुनः *उनालू साख* में आवंटित किया गया था। उस समय जसवंतसिंह को राज्य में हुकमनामा शुल्क के रूप में 21000 रुपये किये गये जिसमें से 1000 रुपये की छूट कर 20000 रुपये जमा करने निश्चित किये गये थे। ठिकाने के इतिहास लेखन में इन पट्टों का बड़ा महत्त्व रहा है, उस समय की पट्टा प्रणाली में ठिकाने की पट्टा रेख से उनकी राज-दरबार में सुदृढ़ स्थिति का भी पता चलता है।[14]

इसी तरह मारवाड़ राज्य का एक अन्य दस्तावेज *हकीकत खाता* बही, जो विभिन्न ठिकानेदारों अथवा अन्य जागीरदारों को दरबार द्वारा प्राप्त होने वाले सिरोपाव, कुरब, अन्य विविध सम्मान तथा उपाधियों पर विशेष प्रकाश डालती है। इसी बही में संकलित कई सन्दर्भ चाणोद ठिकाने के ठिकानेदारों को समय-समय पर दिए गए सम्मानादि की जानकारी भी देते है।

चाणोद ठिकानेदार जोधपुर राज्य के प्रति निष्ठावान बने रहे थे। उनकी सेवाओं से प्रभावित होकर राज्य की ओर से उन्हें कुरब-ताजीम के सम्मान के साथ ही हाथ का कुरब, घोड़ो आगे खड़न का कुरब, सामे बैठण रो कुरब ईनायत होते रहे। जोधपुर राज्य की हकीकत खाता बही से ज्ञात होता है कि 1771 ई. में ठाकुर विसनसिंह[15], 1791 ई. में ठाकुर गुमानसिंह[16], 1805 ई. में ठाकुर तेजसिंह और 1843 ई. में ठाकुर जसवंतसिंह को ताजीम सिरोपाव राज्य की ओर से प्रदान किया गया था वहीं इन्हें हाथ का कुरब भी मिला था।[17] अपुरालेखीय दस्तावेजों यथा-*ठिकानो रे जागीरां* रो हाल में उनके द्वारा प्राप्त किये गये सम्मानों के अतिरिक्त उस ठिकाने पर अपना अधिपत्य बनाये रखने वाले ठाकुरों के वंश-क्रम की भी महत्वपूर्ण जानकारी मिलती है। इसमें चाणोद ठिकानेदारों के वंशक्रम के साथ ही उनके भाई बंधु घाणेराव ठिकाने इत्यादि का भी विवरण संजोया गया मिलता है। इस दस्तावेज में चाणोद ठिकाने का वंशक्रम इस प्रकार उद्धृत है- वीरमदे - प्रतापसिंह - गोपालदास - किसनदास - दुर्जनसिंह -गोपीनाथ - अनोपसिंह - शिवसिंह - विसनसिंह - तेजसिंह - जसवंतसिंह - लिछमणसिंह - किशोरसिंह - गुलाबसिंह - मुकनसिंह इत्यादि।[18] यह वंश सूची इस ठिकाने के इतिहास-क्रम को अनवरत रूप से बने रहने की ओर संकेत करती है।

## ठिकाने को राज्य द्वारा प्राप्त अधिकार

जैसा कि विदित है चाणोद ठिकाना महाराजा मानसिंह के शासन काल में सर्वप्रथम स्थापित किया गया था। इसके बाद से क्रमोन्नत रूप से इस ठिकाने ने राज्य में अपनी स्थिति को सुदृढ़ बनाया। तत्कालीन दस्तावेजों मुख्यतः *सनद परवाना* बहियाँ एवं *लाग-बाग*[19] की बहियों की लम्बी श्रृंखला इस सम्बन्ध में अहम् जानकारी मुहैया कराती है। चाणोद ठिकाने के पट्टे के गांवों से सम्बन्धित विभिन्न प्रकार की सनदों, जो *घर-बाब, हासल* और *दाण* कर से सम्बन्धित हैं, द्वारा महत्त्वपूर्ण जानकारी मिलती है। 1805 ई. में ठाकुर तेजसिंह के समय राज्य की ओर से घर-बाब के सम्बन्ध में सनद जारी की गई थी वहीं 1823 ई. में हासल के सम्बन्ध में[20] और 1823 ई. में ही दाण के सम्बन्ध में ठिकाने को सनद जारी करने का उल्लेख मिलता है।[21] 1812 ई. की सनद से ज्ञात होता है कि ठिकाने के ठाकुर तेजसिंह के समय उन्हें ठिकाने से नमक निकालने का फरमान जारी हुआ था। इस सम्बन्ध में राज्य की ओर से लिखा गया कि इसमें किसी भी प्रकार की खेचल (परेशानी) नहीं करें।[22]

इसी अनुक्रम में, ठिकाने के आर्थिक इतिहास को प्रकट करने के लिये ठिकाने की लाग-बाग बहियां बड़ी महत्त्वपूर्ण है। यह बहियां 19वीं शताब्दी से 20वीं शताब्दी के बीच की हैं। बहियों के अध्ययन से ज्ञात होता है कि यहाँ के ठिकानेदारों के द्वारा मुख्य रूप से मुकाता[23], सेरिणा[24], घर-बाब, दाण[25] कर, खरखर[26], पानचराई[27], साड़ी कर[28], आदि लिये जाते थे जो मुख्य रूप से कृषक कार्य में लगे सीरवी, घांची, पटेल तथा देवासी जाति के लोगों से वसूल किया जाता था।[29]

निष्कर्षतः यह कहा जा सकता है कि चाणोद ठिकाने का मारवाड़ राज्य में महत्वपूर्ण स्थान था, जिसने राज्य की राजनीति को प्रभावित ही नहीं किया बल्कि राठौड़ शासकों को समय-समय पर हरसंभव सहयोग भी प्रदान किया। परिणामस्वरूप यहाँ के ठाकुरों को तत्कालीन महाराजाओं द्वारा समय-समय पर विभिन्न प्रकार के सम्मानों व उपाधियों से नवाजा गया। दूसरी ओर, यहाँ के इतिहास को शोध जगत के समक्ष रखने का श्रेय उन ऐतिहासिक स्रोतों को दिया जा सकता है जो इस ठिकाने से जुड़े ऐतिहासिक एवं प्रमाणिक तथ्यों को अपने में समाहित किये हुए है। अतः विभिन्न प्रकार की अभिलेखीय सामग्री चाणोद ठिकाने की राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक एवं आर्थिक इतिहास पर महत्त्वपूर्ण जानकारी उपलब्ध कराती है। उस समय के ठिकानेदारों को आवंटित गांवों के तुलनात्मक अध्ययन के साथ ही राज्य में दूसरे ठिकानेदारों के साथ

उनके सम्बन्धों और राज्य में उनकी भूमिका को दर्शाने में यह स्रोत प्राथमिक स्रोतों के रूप में बहुत महत्त्वपूर्ण हैं।

## संदर्भ


1. राजेन्द्र कुमार, 'मारवाड़ के सांस्कृतिक, साहित्यिक एवं ऐतिहासिक अवलोकन हेतु 'महकमा तवारीख' की प्रासंगिकता', *ग्लोबल रिसर्चर व्यू*, वोल्यूम-3(2) जन.-जून, 2019, संपा. राजेन्द्र कुमार, पृ. 10-14
2. वही
3. *चाणोद ख्यात*, क्रमांक 3417, बंधांक 74, ग्रंथांक 22, अपुरालेखीय जोधपुर रिकॉर्ड्स, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर
4. *चाणोद की तवारीख*, क्रमांक 4020, बंधांक 89, ग्रंथांक 32-33, अपुरालेखीय जोधपुर रिकॉर्ड्स, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर
5. *हकीकत बही*, नं. 56, वि.सं. 1992-1993/1935-36 ई., पृ. 369, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर
6. वही, पृ. 410-412
7. वही, नं. 58, वि.सं. 1994-1995/1937-38 ई., पृ. 233-237
8. वही, पृ. 213-222
9. वही, नं. 56, वि.सं. 1992-1993/1935-36 ई., पृ. 258
10. वही, पृ. 483-484
11. *जोधपुर राज्य की पट्टा बही*, वि.सं. 1867/1810 ई., पृ. 75
12. रबी की फसल की पैदावार के आधार पर यह आवंटन किया गया था। तत्कालीन परिप्रेक्ष्य में पट्टों के अन्तर्गत गांवों या भूमि का आवंटन *सियाळू साख* (खरीफ की पैदावार के आधार पर) अथवा *उन्हाळू साख* के आधार पर किया जाता था।
13. *जोधपुर राज्य की पट्टा बही*, वि.सं. 1867/1810 ई., पृ. 75, जोधपुर रिकॉर्ड्स, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर
14. वही, वि.सं. 1891/1834 ई., पृ. 77
15. *हकीकत खाता बही*, नं. 10, वि.सं. 1821-1860/1764 ई., पृ. 138-139, जोधपुर रिकॉर्ड्स, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर
16. वही, पृ. 138-139
17. वही, नं. 12, वि.सं. 1862-1870, 1805-1813 पृ. 254

18. *मारवाड़ रा जागीरदारां रो विवरण,* ग्रंथांक 8190, राजस्थानी शोध संस्थान, चौपासनी, जोधपुर

19. राज्य द्वारा लगाए जाने वाले विभिन्न प्रकार के करों के लिए समग्र रुप से *लाग-बाग* शब्द का प्रयोग किया जाता था।

20. *सनद परवाना बही,* नं. 75 वि.सं. 1880, 1823 ई. पृ. 347, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर

21. वही, पृ. 380

22. वही, नं. 64 वि.सं. 1869, 1812 ई. पृ. 137, राजस्थान राज्य अभिलेखागार, बीकानेर

23. कर की वसूली करने के लिए किसी व्यक्ति विशेष अथवा फर्म को दिया जाने वाला ठेका।

24. यह कर मारवाड़ में सेरी अथवा *सेरीणो* कहलाता था। जो किसान सिंचाई के द्वारा खेती करते थे उन्हें सेरी नामक हासल चुकाना पड़ता था। *सेरीणो* का अनाज रूप में भुगतान करना पड़ता था। *सेरीणो* की दर 1 *मण* धान के पीछे 3 सेर निर्धारित थी। राजेन्द्र कुमार, 'थार मरुस्थल में जल वितरण से सम्बद्ध कराधान प्रणाली (18-19वीं सदी के सन्दर्भ में)', *जल जीवन और समाज,* संपा. जिब्राईल, एनी बुक्स, दिल्ली, 2019, पृ. 110

25. व्यापारिक चूंगी।

26. *खरखर* – यह कर उन किसानों से वसूल किया जाता था जो मूंग और मोठ की खेती करते थे।

27. *पानचराई* – जो पशु पेड़ की पत्तियां व घास खाते है, यथा- ऊँट, भेड़ व बकरी आदि पर लगने वाला चराई कर।

28. *साड़ी कर* – यह कर ठिकानों में जाट, सिरवी तथा पीटल आदि जातियों, जो कृषि व्यवसाय में संलग्न थी, से प्राप्त किया जाता था।

29. (अ) *ठिकाणे रे जमा खरच री बही,* वि.सं. 1916, ठिकाणा चाणोद संग्रह
(ब) *मुकाता रे खरच खाता री बही,* वि.सं. 1902, ठिकाणा चाणोद संग्रह

शोधार्थी
इतिहास विभाग
जयनारायण व्यास विश्वविद्यालय
जोधपुर (राजस्थान)

# कस्बा झझू (कोलायत) की ऐतिहासिक सर्वे रपट-1

• डॉ. रीतेश व्यास

कोलायत तहसील में बहुत से ऐसे गाँव है जहां पालीवाल निवास करते थे। यह एक ऐसा जाति-समूह था जो सामान्यतः रेगिस्तानी क्षेत्रों में निवास करता था एवं खेती एवं व्यापार से सम्बद्ध था। इस वर्ग के बारे में दस्तावेजीय सामग्री अत्यतः ही कम उपलब्ध होती है इसलिए *राजस्थान आर्कियोलोजी एण्ड एपिग्राफी कांग्रेस* ने यह निर्णय लिया कि इस परिस्थिति में भौतिक सर्वेक्षण के द्वारा इस समूह के इतिहास का अध्ययन किया जाए। इस प्रयोजन हेतु सर्वप्रथम हमने इस तहसील के झझू गाँव का चयन किया। इस चयन की पृष्ठभूमि में डिंगल एवं राजस्थानी भाषा के उद्भूत विद्वान स्वर्गीय श्री मूलचंद 'प्राणेश' का झझू गाँव के शिलालेखों पर आधारित आलेख (झझू ग्राम के कतिपय प्राचीन शिलालेख) **जूनी ख्यात** पत्रिका में प्रकाशित था। उपलब्ध शिलालेख में सबसे प्राचीन दो शिलालेख वि.सं. 1270/1213 ई. एवं वि.सं. 1342/1285 ई. के हैं। जिन्होंने हमारी रुचि को द्विगुणित कर दिया। इन शिलांकित दस्तावेजों के आधार पर विद्वान लेखक ने इस गाँव को बीकानेर स्थापना के पूर्व का बताया है जो सही प्रतीत होता है। सर्वेक्षण हेतु इस गाँव के चयन का द्वितीय कारण इस बात की जानकारी प्राप्त करना भी था कि इस क्षेत्र को पालीवालों ने अपने निवास-स्थल के रूप में क्यों चुना? क्या यह गाँव पूर्व-मध्यकाल में जैसलमेर

 ISSN 2278-4632 

के व्यापारिक मार्ग पर स्थित था? इन्हीं प्रश्नों को लेकर झझू गाँव का तीन बार सर्वेक्षण किया गया।

झझू के आकर्षण का एक अन्य कारण यहां बिखरी पड़ी पुरासम्पदा भी रहा है। यहां के निवासियों के अनुसार पालीवालों के इस गाँव में 12 मौहल्लें, 12 छतरियां तथा 12 कुएं हैं। अर्थात् यह अत्यन्त रुचिकर सूचना थी जिसकी पुष्टि हेतु हमारी टीम ने सर्वेक्षण का कार्य प्रारंभ किया। गाँव के मध्य स्थित बाजार एवं बस स्टैण्ड के पास *छतरी समूह* स्थित है जो पालीवाल ब्राह्मणों से सम्बन्धित हैं। यह छतरी समूह दो खण्डों में विभक्त है अर्थात् यहां बनी छतरियां एक ही सतह पर बनी है, लेकिन इनकों कालक्रम की दृष्टि से दो भागों में विभक्त कर रखा था। पहले समूह में कुल 12 छतरियां एक दूसरे से जुड़ी हुई हैं, प्रत्येक छतरी का दूसरी छतरी से स्तंभों से जुड़ाव है तथा प्रत्येक के नीचे एक शिलालेख (देवली स्वरूप) लगा है। दुलमेरा/लाल पत्थर की बनी छतरियां लगभग 4 फीट ऊँचे चबूतरे पर बनी है। छतरियों की ऊँचाई लगभग 10 फीट है। छतरियों की छत ऊपर से एकल है।



छतरियों पर लगें शिलालेख *जैसलमेरी पत्थर, संगमरमर* तथा *स्थानीय पत्थर* के बने हैं। संगमरमर के पत्थर की देवली सुंदर व सुदृढ़ है जो करीब 150 वर्ष पहले की है, लेकिन पीले व लाल पत्थर की देवलियां सामान्य बनावट की हैं। सभी शिलालेख में तिथि का अंकन विक्रम संवत् व शक संवत् दोनों में किया गया है। दुर्भाग्यवश यहां स्थापित शिलालेखों में कुछ ही सही स्थिति में हैं, कुछ टूट गए तो चार-पांच तो गायब ही है। स्थानीय शिक्षक व जागरूक नागरिक श्री किशन लाल कांटियां ने बताया कि एक शिलालेख मेरी नजर में आया तो मैंने उसे छतरियों की छत पर रख दिया है जो अब भी सुरक्षित है।

इन छतरियों की छत एवं गुम्बद के भीतर पत्थर की कोर को काटकर खुरेचकर विभिन्न धार्मिक प्रसंगों का अंकन किया गया है। प्रत्येक छतरी के

भीतर के हिस्से को 8 से 10 खण्डों में बांटा गया है। छतरी के भीतरी भाग में कृष्ण लीलाएं, विष्णु के विभिन्न स्वरूप, यथा *राम, कृष्ण, नृसिंह अवतार, लोक देवता रामदेव जी* आदि। एक छतरी में गरूड़जी भगवान विष्णु को सिर पर बैठाकर ले जाते हुए भी दिखाए गए है। एक स्थान पर पेड़ पर झूला-झूलने का अंकन भी है। वानर समूह, हनुमान जी, सात घोड़ों पर सवार सूर्य भगवान, नर्तक समूह, गायों के बीच खड़े कृष्ण, एक छतरी में सिर्फ गायों के समूह को ही दर्शाया गया है। सभी छतरियों के मध्य/केन्द्र में फूल की आकृति बनी है। बीच के शिलापट्टों पर गोल फूल है।





पत्थर पर किया गया ये अंकन उभरा हुआ है और बनावट की दृष्टि से उत्कृष्ट है। ऐसा लगता है यहां उस समय कुशल कारीगरों का भी निवास था। क्योंकि जितनी कुशलता से ये छतरियां बनी हैं, उतनी ही रूचि पूर्ण तरीके से इनको सजाया भी गया है। छतरी के स्तंभ भी आकर्षक हैं, किसी स्तंभ पर लटकती घण्टियां हैं तो कहीं बेल-बूंटे बने हैं। स्तंभों को जोड़ने वाले तोड़ों पर भी अलग-अलग तरह की फूल-पत्तियों को अंकित किया गया है। पालीवाल ब्राह्मण समाज द्वारा इस तरह का निर्माण वास्तव में

आश्चर्यचकित करने वाला है, क्योंकि वर्तमान में वहां ज्यादा संख्या में पालीवालों का निवास नहीं है। यद्यपि पालीवाल झझू से जैसलमेर तक हमें छोटे-बड़े गांव-कस्बों में मिलते हैं। उनका अपने पूर्वजों के प्रति इस तरह का सम्मान वास्तव में प्रशंसा के योग्य है।

इन छतरी समूहों के मध्य में भी एक शिला-पट्ट पर लेख लिखा है, जिसमें बनवाने वाले का नाम तथा निर्माण तिथि अंकित है। शिलाखंड पर उद्धृत लेख का अंकन व अनुवाद नीचे दिया जा रहा है—

*श्री गणेशाय नमः*

*।।सं. १९२० साके १७९५ व्रषे मिती जेठ वदी १ वार सोमवार दिन प्रतिष्टा करी।।*

*।।उर्जव्रणो जिग करयो व्राह्मण जिमाया देवल करयो व्रा. मयरामः।।*

*देवचंद श्रीचन्द्र चिरणजीव दयाकिसन गंगारामणी वसतरामः।।*

*रामकिसनः वीरदासणी व्रा. प्रहलाद देवीदासणी खुसालो*

*मनछारामाणी सुभवन्तु कलयन भवतु श्रीराम*

*श्रीमाहाराज श्री तेजसंघ जी री पट री वार म हुयो श्री सरदारसंघजी र राज म हुय कारीगर लालु पीडत पीदन बोट कीसणे*

*अनुवादक :* ***डॉ. राजेन्द्र कुमार***

हिन्दी रूपान्तरण : इस छतरी समूह की अधिकांश देवलियां वि.सं. 1920 शाके 1785 की तिथि ज्येष्ठ वदी 1 सोमवार के दिन प्रतिष्ठापित की

गई थी। इस अवसर पर उजवर्णो व जागरण किया गया, ब्राह्मणों के लिए भोज का आयोजन हुआ था। इस अवसर पर छतरी के एक समूह में पालीवाल ब्राह्मण गौत्र कुलधर के मायाराम, देवचंद, श्रीचंद, चिरंजीव, दयाकिशन गंगारामाणी, वसंतराम तथा दूसरे समूह में ब्राह्मण रामकिशन वीरदासाणी, प्रहलाद देवदासाणी, खुसाल मनछारामाणी आदि ने अपने पूर्वजों की स्मृति स्वरूप देवलियों को प्रतिष्ठापित कर इनके ऊपर छतरियों का निर्माण करवाया। इस लेख से यह भी जानकारी प्राप्त होती है की यह छतरी समूह बीकानेर शासक महाराजा सरदारसिंह के शासनकाल में पट्टायत श्री महाराज तेजसिंहजी द्वारा प्रदत भूमि पर निर्मित करवाया गया था। अन्त में छतरी का निर्माण करने वाले कारीगरों यथा लालु पंडित, पीदन आदि के नामोल्लेख भी मिलते हैं।



झझू में केवल यही स्थान आकर्षक नहीं है कस्बे के उत्तर दिशा में और आगे जाने पर हमें दो अलग-अलग छतरी समूह दिखे। दुर्भाग्य से ये दोनों स्थान पहली वाली छतरी समूह की अपेक्षा खराब स्थिति में थे। एक समूह तो (रामकिशन जी) हमें घर की परिधि में मिला जिसमें तीन शिलालेख लगे थे।

शिलालेख पीले पत्थर के थे तथा सामान्य से बड़े थे। इन छतरियों में भी कई धार्मिक स्वरूपों को उकेरा गया था।

अज्ञानतावश वहां गोबर के उपले सुखाए गए थे तथा झाड़ ऊग गए थे। एक शिलालेख आधा टूटा हुआ था जिसका दूसरा भाग अनुपलब्ध था। छतरियां अपने मूल स्वरूप में थी। घर की महिलाएं ये जानती थी कि ये किसी की मृत्यु उपरान्त बनाई गई स्मृतियां है, लेकिन उन्होंने उसे देवीय स्वरूप स्वीकार नहीं किया था, इसलिए उनकी दुर्दशा हो गई थी।

इन दूसरे छतरी समूह के पास हमें एक पुराना कुआं भी मिला। यद्यपि यह अब बंद था, लेकिन पास में एक शिलास्तंभ भी लगा हुआ था। स्तंभ खुले में था, बारिश के कारण पत्थर क्षरण हो चुका था। अतः लेख स्पष्ट नहीं था। छतरी समूह के पश्चिम में एक पुरातन मन्दिर के अवशेष भी थे। बबूल के वृक्ष की झाड़ियों के बीच, केवल मूल गर्भगृह ही था। न इसके समकक्ष कुछ था, न सिढ़ियां, मंदिर में मूर्ति भी नहीं थी। किसनाराम जी ने बताया ये अवशेष कभी लक्ष्मीनारायण मन्दिर का स्वरूप थे, यहां प्रतिष्ठापित मूर्ति कई वर्ष पहले राजकीय म्यूजियम, बीकानेर द्वारा अवाप्त करली गई थी।

उपर्युक्त ऐतिहासिक स्थलों के अतिरिक्त अन्य महत्वपूर्ण भवन, देवालय, तालाब एवं कुएं हैं जिनका सर्वेक्षण अभी शेष है। इस सर्वेक्षण का नेतृत्व प्रो. बी.एल. भादानी ने किया एवं टीम के अन्य सदस्यों में डॉ. राजेन्द्र कुमार, डॉ. गोपाल व्यास एवं डॉ. रीतेश व्यास सम्मिलित थे। इस कार्य हेतु श्री किशनाराम जी कांटिया एवं पालीवाल आदि स्थानीय महानुभावों ने सहयोग किया जिसके लिए हमारी टीम उनका आभार व्यक्त करती है।

रपट प्रस्तुतकर्त्ता

**डॉ. रीतेश व्यास**

❑❑❑

# इतिहास एवं संस्कृति स्पर्श बोध : मो. फारूक चौहान

## • डॉ. नितिन गोयल

इतिहास एवं साहित्य लेखन में पारंपरिक सीमाओं से हटकर अपनी विशिष्ट पहचान रखने वाले **डॉ. गिरिजाशंकर शर्मा** पर केन्द्रित यह ग्रन्थ **इतिहास एवं संस्कृति स्पर्श बोध**, **(डॉ. गिरिजाशंकर शर्मा पर केन्द्रित)** उनके कृतित्व की सहज-सरल-सादगीपूर्ण बानगी है।




गत पचास वर्षों से समय और समाज के झांझावतों के बीच अपनी कलम से अनवरत मीलों की यात्रा करने वाले डॉ. शर्मा के विस्तृत व बिखरे हुये रचना-कर्म को इस पुस्तक के सम्पादक डॉ. मोहम्मद फारूक़ चौहान ने बखूबी संजोने का कार्य किया है।

सही तो यह है कि **डॉ. गिरिजाशंकर शर्मा** ने एक शोध साधक, अभिलेखकर्ता, संस्कृतिकर्मी, एवं इतिहासवेत्ता के रूप में जो रचनाकर्म किया हैं, उसने न केवल भारत के युवाओं, शोध अध्येत्ताओं का ही ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया बल्कि विश्व के इतिहासविद्ों के बीच डॉ. शर्मा का सम्मानजनक स्थान भी सुरक्षित किया हैं।

डॉ. शर्मा का स्मारकीय कार्य **मारवाड़ी व्यापारी** की पुस्तक समीक्षा कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय, अमेरिका के प्रो. संजय सुब्रमण्यम ने की थी। इस पुस्तक से जुड़े प्रश्नों को विभिन्न केन्द्रीय विश्वविद्यालयों के शोध साक्षात्कारों में पूछा जाना, एक चलन रहा है। डॉ. शर्मा के सहज, सुलभ, सौम्य, मददगार स्वभाव के कारण देश-विदेश के विभिन्न विश्वविद्यालयों से शोधार्थी नियमित रूप से बीकानेर ज्ञान प्राप्ति हेतु आते थे, जो उनके प्रभावी लेखन की स्वीकरोक्ति का भी द्योतक है। इटली के उदीने विश्वविद्यालय द्वारा एल.पी. टैस्सीटोरी पर

आयोजित सेमीनार में डॉ. शर्मा ने अध्यक्ष का दायित्व भी निभाया था। जापान के प्रो. मेसानोरी साटो अपने राजस्थान इतिहास संबंधी शोध में डॉ. शर्मा से नियमित चर्चा किया करते थे।

इसी क्रम में, पुस्तक के सम्पादक मंडल डॉ. शान्ता, डॉ. नलिनी, डॉ. चेतना, डॉ. चन्द्रलेखा ने गिरिजाशंकर जी द्वारा सृजित बहुआयामी साहित्यिक, सांस्कृतिक एवं ऐतिहासिक रचनाओं को प्रस्तुत पुस्तक में मूल रूप में एवं तालिकाबद्ध कर भावी पीढ़ी के लिये अमरता प्रदान की है। साहित्य समरूपता में रचे बसे डॉ. शर्मा द्वारा रचित कहानियों एवं काव्य साधना के अंश को पुस्तक में स्थान देकर, उनकी सृजनात्मक दृष्टि को उजागर किया गया है। राजस्थानी भाषा में भी डॉ. शर्मा की कलम सवाई रही है, जिसका प्रमाण है राजस्थानी भाषा, साहित्य एवं संस्कृति अकादमी, बीकानेर से प्रकाशित प्रसिद्ध जागती जोत पत्रिका में प्रकाशित डॉ. शर्मा की दो दर्जन से अधिक रचनाएं। आज भी इनकी रचनाएं ऑनलाइन माध्यम से वेबसाइट पर निरन्तर देखी जाती है। पुस्तक में संयोजित डॉ. शर्मा के अकादमिक संस्मरण जिज्ञासु पाठक के लिये पुस्तक को मनोरंजक व रुचिपूर्ण बनाते है।

पुस्तक की प्रस्तावना में जाने-माने लोक साहित्य, कला एवं संस्कृति के मर्मज्ञ विद्वान, जवाहर कला केन्द्र के संस्थापक महानिदेशक श्री विजय वर्मा ने डॉ. शर्मा को 'सतत कर्मण्यता जीवन का पर्याय एवं बीकानेर के साहित्यिक-सांस्कृतिक उत्कर्ष की जीवन्त निशानी' बताकर गागर में सागर भरने का प्रयास किया है। प्रो.बी.एल. भादानी ने इस पुस्तक को डॉ. शर्मा की 'छः दशक की अकादमिक यात्रा का मुकम्मल दस्तावेज' बताया है एवं पुस्तक की अनमोलता को चरितार्थ किया है। इसी क्रम में सम्पादक डॉ. मो. फारूक़ चौहान ने डॉ. शर्मा के लिये 'आत्मस्फूर्त मार्गदर्शक' उपमा का बहुत ही संगत प्रयोग किया है।

स्वयं समीक्षक ने अभिलेखागारीय अनुभव के दौरान यह पाया कि राष्ट्रीय अभिलेखागार में अभिलेखीय डिप्लोमा के दौरान डॉ. शर्मा द्वारा लिखा गया लघु शोध-प्रबंध (Dissertation) आज भी अभिलेख प्रशिक्षुओं के बीच सर्वाधिक मांग वाला लघु शोध-प्रबंध है। राज्य अभिलेखागार में डॉ. शर्मा के सेवाकाल में बनी विवरणात्मक सूचियाँ शोध के लिये राजस्थान अभिलेखागार की कुंजियां हैं, जो उनके बाद फिर निर्मित नहीं की जा सकी।

ग्रन्थ के अन्त में सम्मिलित चित्र विथिका डॉ. शर्मा के व्यक्तित्व की

जीवन्तता एवं उनके 'मनुष्य से ज्ञानरूपी संस्थान' बनने की यात्रा को प्रस्तुत करती हैं। अन्ततः यह पुस्तक वर्तमान एवं भावी शोधवेत्ताओं के लिये मार्गदर्शक सिद्ध होगी, जो डॉ. गिरिजाशंकर शर्मा जैसा व्यक्तित्व बनने की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन प्रदान करेगी।

समीक्षक : **डॉ. नितिन गोयल**
वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी
राज. प्राच्य विद्या प्रतिष्ठान, बीकानेर
nitinscholar@gmail.com

पुस्तक का नाम : **इतिहास एवं संस्कृति स्पर्शबोध**
**(डॉ. गिरिजाशंकर शर्मा पर केन्द्रित)**
प्रकाशक : विकास प्रकाशन
वर्ष : 2019
मूल्य : 600.00 (छः सौ मात्र)
पृष्ठ : 306

---

**फार्म 4 (नियम 8)**

| | |
|---|---|
| प्रकाशक स्थान | : श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर) राजस्थान |
| प्रकाशन अवधि | : अर्द्धवार्षिक |
| मुद्रक का नाम | : महर्षि प्रिण्टर्स, श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर) |
| क्या भारत का नागरिक है? | : हाँ |
| प्रकाशक का नाम | : महावीर प्रसाद माली |
| क्या भारत का नागरिक है? | : हाँ |
| पता | : मरुभूमि शोध संस्थान, श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर) |
| सम्पादक का नाम | : प्रो. बी. एल. भादानी |
| क्या भारत का नागरिक है? | : हाँ |
| राष्ट्रीयता | : भारतीय |
| पता | : रागंड़ी चौक, बीकानेर (राज.) |

उन व्यक्तियों के नाम व पते जो समाचार-पत्र के स्वामी हों तथा जो समस्त पूंजी के एक प्रतिशत से अधिक के साझेदार या हिस्सेदार हों

मैं महावीर प्रसाद माली एतद्द्वारा घोषित करता हूं कि मेरी अधिकतम जानकारी एवं विश्वास के अनुसार ऊपर दिया गया विवरण सत्य हैं।

**महावीर प्रसाद माली**
प्रकाशक के हस्ताक्षर

# A Discovery—एक खोज एक अद्भुत अनुभव

## • बलदेवदास रंगा

**बलदेवदास रंगा की A Discovery–एक खोज एक अद्भुत अनुभव–** नामक पुस्तक प्रारंभ से अन्त तक पढ़ने का सुअवसर मिला। ग्रन्थ के उपशीर्षक ने मेरी अभिरुचि को द्विगुणित कर दिया जिसमें लेखक ने पाश्चात्य भाषाओं में संस्कृत, अपभ्रंश, राजस्थानी एवं बीकानेर बोली के सजात शब्दों की पहिचान करने का श्रमसाध्य कार्य किया गया है। वास्तव में ग्रन्थ दो भागों में विभाजित है–प्रथम भाग में कुल चौदह खण्ड (अंग्रेजी के A से N तक) हैं जिसमें विद्वान लेखक ने विश्वभाषाओं की उत्पत्ति, पास्परिक सम्बन्ध एवं उनके प्रभावों को रेखांकित करने का प्रयास किया है। भाषाओं पर केन्द्रित वर्णन भाषा विज्ञान के विद्यार्थियों के साथ-साथ इतिहास एवं दूसरे सामाजिक विज्ञानों के अध्येताओं के लिए अत्यंत लाभकारी एवं ज्ञानवर्द्धक है। इसके अतिरिक्त विद्वान् लेखक ने संस्कृत भाषा की उत्पत्ति के बारे में जो विचार अभिव्यक्त किया है उस पर आपत्ति हो सकती है। भाषाओं का इतिहास मानव के इतिहास से सम्बद्ध है उसे पारलौकिक पद पर स्थापित करना हमारी ऋषि परम्परा पर प्रश्नचिह्न लगाने जैसा है। भाषाओं की यात्रा के बारे में पुख्ता तौर पर कुछ कह पाना थोड़ा मुश्किल कार्य है। इसलिए पूरे दावे के साथ यह कहना कि 'भारत ही वह स्थान है जहाँ से सब जातियां और भाषाएं अलग-अलग दिशाओं में पहुँची है' एक 'भ्रमपूर्ण गौरव' की विचारधारा को रूपायित करती है। इसीसे जुड़ा प्रश्न आर्यों से जुड़ा है। आर्य मूलतः भारत के निवासी थे, या फिर मध्य एशिया या अन्य किसी स्थान से भारत में आए थे, इस प्रश्न पर विद्वान इतिहासकारों के मध्य गहरे मतभेद हैं।

तदुपरांत लेखक ने अपभ्रंश भाषाओं के अध्याय में शब्दों की यात्रा या दूसरी भाषा में संस्कृत एवं राजस्थानी शब्दों के प्रवेश या प्रयोग की ओर संकेत किया है। उदाहरणार्थ चीनी शब्दों का महाभारत तथा मनुस्मृति में प्रवेश एवं इसी प्रकार चीनी भाषा के शब्दों में संस्कृत शब्दों का उपयोग भाषा के आदान-प्रदान का द्योतक है। ठीक उसी प्रकार उज्बेकिस्तान में राजस्थानी शब्दों का प्रयोग पारस्परिक व्यापारिक एवं सांस्कृतिक सम्बन्धों का दर्शाता है। इसके अतिरिक्त अन्य भाषाओं के साथ भारतीय भाषाओं के आदान-प्रदान पर भी विद्वान लेखक ने संकेत किया है जो निश्चित ही हमारे ज्ञान को विस्तारित करता है। लेकिन शब्दों या भाषा का अन्य देशों की भाषाओं के साथ सम्मिश्रण के आधार पर किसी राज्य, देश या जाति पर राजनीतिक विजय या वर्चस्व स्थापित करने का निष्कर्ष निकालना खतरों

से भरा है। हाँ, इसके आधार पर देशों के मध्य राजनीतिक, व्यापारिक एवं सांस्कृतिक सम्बन्धों में घनिष्टता को अवश्य ही रेखांकित किया जा सकता है।

ग्रन्थ का दूसरा भाग अत्यंत महत्त्वपूर्ण है जिससे शब्दों की यात्रा का अनुमान लगाया जा सकता है। सतरहवें अध्याय में अंग्रेजी में बीकानेरी शब्दों की तालिका अंकित है जो काफी दिलचस्प है। उदाहरणार्थ अंग्रेजी में Aah शब्द बीकानेरी अन्दाज में बोले जाने वाले 'ओ-हो' या 'अ-हा' अंग्रेजी में गया प्रतीत होता है। इसी प्रकार लेखक ने 1459 अंग्रेजी शब्दों की सूची दी है जिनमें बीकानेरी शब्दों के साथ साम्यता के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि ये यहां की भाषा से लिए गए हैं। उदाहरण के लिए कुछ शब्द नीचे दर्शाए जा रहे हैं :

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| Academic | = | Pedent | – | पढन्त |
| Ad-Age | | अेडीज (कहावत) | – | आडी |
| Ado (अेडू) | | अड़ियल | – | अड़ूं |
| Adore | | अतिप्रेम करना | – | डोरे डालना |
| Ug-ly | | अग्ली | – | ऊगली=सूगली |

लेखक ने अंग्रेजी की सम्पूर्ण वर्णमाला के आधार पर शब्दकोष तैयार किया है एवं बीकानेरी शब्दों के साथ साम्यता बिठाने का दुरूह परन्तु प्रशंसनीय कार्य किया है। इसके साथ ही अनुक्रमणिका तालिका भी दी है। जिसमें अंग्रेजी शब्द, उच्चारण, संक्षिप्त बीकानेरी शब्द एवं हिन्दी में अर्थ दिया है ताकि पाठक इसके आधार अंग्रेजी एवं बीकानेरी शब्दों के मध्य सम्बन्ध को सरलता से समझ सकें। सही अर्थों में श्री रंगाजी ने पाठक के सम्मुख सरलीकृत स्वरूप प्रस्तुत करके उनके लिए पुस्तक का पठन सुगम बना दिया है।

अन्त में चार भाषाओं हिब्रू अरेबिक, ग्रीक, रशियन एवं संस्कृत वर्णों की तालिका एवं इन्डो-यूरोपियन भाषाओं की सारणी देकर पाठकों को सही अर्थों में ऋणी बना लिया है।

रंगाजी का यह ग्रन्थ उनके श्रम एवं अध्ययन को दर्शाता है। विभिन्न विदेशी भाषाओं के गहन ज्ञान के साथ अपनी मायड़ भाषा से (बीकानेरी) लगाव उनकी अन्तर्दृष्टि को दर्शाता है। एक प्रकार से यह ग्रन्थ आंग्ल एवं बीकानेरी भाषा का समानान्तर शब्दकोष है जो पाठकों के लिए अत्यंत उपयोगी है।

सम्पादक : **बी.एल. भादानी**

**A Discovery — एक खोज एक अद्‌भुत अनुभव**

**बलदेवदास रंगा**

कविता प्रकाशन, बीकानेर

मूल्य : 600 रुपये

# राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति, श्रीडूँगरगढ़

## विधान की धारा 4 के अन्तर्गत मानद सदस्य

श्याम सिंह राजपुरोहित
आई. ए. एस.

प्रो. रूपसिंह
पूर्व कुलपति

जहूर खां मेहर
संस्कृति-विज्ञ

पंकज बिष्ट
संपादक, समयांतर

वेद व्यास
अध्यक्ष, भाईचारा फाउंडेशन

# मरुभूमि शोध संस्थान, श्रीडूँगरगढ़

## प्रबंध मण्डल

प्रो. बी. एल. भादानी
अध्यक्ष एवं पदेन निदेशक

डॉ. सांवरसिंह यादव
उपाध्यक्ष

डॉ. गजादान चारण
उपाध्यक्ष

श्याम महर्षि
सचिव

डॉ. चेतन स्वामी
उप सचिव

## राष्ट्रभाषा हिन्दी प्रचार समिति, श्रीडूँगरगढ़

### नव निर्वाचित कार्यकारिणी समिति– वर्ष 2020–2025

श्याम महर्षि
अध्यक्ष

सुशील कुमार बाहेती
वरिष्ठ उपाध्यक्ष

भीखमचन्द पुगलिया
उपाध्यक्ष



बजरंग शर्मा
उपाध्यक्ष

डॉ. मदन सैनी
उपाध्यक्ष

रवि पुरोहित
मंत्री

सत्यनारायण योगी
संयुक्त मंत्री

विजय महर्षि
संयुक्त मंत्री

रामचन्द्र राठी
कोषाध्यक्ष

महावीर सारस्वत
प्रचार मंत्री

शोभाचन्द आसोपा
सदस्य

मालचन्द तिवाड़ी
सदस्य

सत्यदीप
सदस्य

महावीर प्रसाद माली
सदस्य

भरतसिंह राठौड़
सदस्य

भंवरलाल भोजक
सदस्य

श्रीकृष्ण खण्डेलवाल
सदस्य

श्रीभगवान सैनी
सदस्य

गोपीराम फूलभाटी
सदस्य

महेश जोशी
सदस्य

**सदस्य – राजकीय प्रतिनिधि : प्राचार्य, राजकीय महाविद्यालय, श्रीडूँगरगढ़**

महावीर प्रसाद माली मरुभूमि शोध संस्थान,
श्रीडूँगरगढ़ के लिए मुद्रित एवं प्रकाशित।

मुद्रक : महर्षि प्रिंटर्स, श्रीडूँगरगढ़ (बीकानेर) राज.

जूनी ख्यात बैंक विवरण :
Account Name : Marubhumi Shodh Sansthan
Bank : Punjab National Bank, Sridungargarh
Account No. : 3604000100174114
IFSC : PUNB0360400

**Website : http://rbhpsdungargarh.com**